डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-बिग बॉस 16 विनर हुऐ शिव ठाकरे'

वर्ष -08 अंक -291 | प्रयागराज ,सोमवार, 13, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा चुनाव में भाजपा की मदद कर रही एमटीसी कांग्रेस नेता अजय कुमार ने किया दावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अगरतला।** त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव से पहले आरोपों की राजनीति तेज हो गई है। सभी पार्टियों ने चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय कुमार ने दावा किया है कि ममता बेनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस एक बड़ा खेल खेल रही है और भाजपा को समर्थन दे रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि टीएमसी कुछ



भी कर ले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-वाम गठबंधन की जीत को बाधित नहीं कर पाएगी वाम-कांग्रेस गठबंधन मजबूत स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाम-कांग्रेस गठबंधन पर कटाक्ष करने के एक दिन बाद, कुमार ने जोर देकर कहा कि राज्य में गठजोड़ मजबूत स्थिति में है क्योंकि त्रिपुरा में कांग्रेस और सीपीआई (एम) के बीच राजनीतिक समानता है। उन्होंने कहा कि वाम-कांग्रेस गठबंधन के लिए भीड़ सभी को दिख रही हैत्रिपुरा में टीएमसी के मैदान में उतरने और लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन को नुकसान होने के सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा कि टीएमसी भाजपा को समर्थन करने के लिए एक खेल खेल रही है। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी और बीजेपी के बीच कुछ चल रहा है क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय ने उनके खिलाफ सभी मामले बंद कर दिए हैं भाजपा के खिलाफ लोगों में गुस्सा कुमार ने यह भी दावा किया कि वाम-कांग्रेस त्रिपुरा में अगली सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ लोगों में बड़े स्तर पर गुस्सा है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा भाजपा के ठझूठे वादोंठ और ठसबसे ज्यादा बेरोजगारीठ त्रिपुरा में होने का है। कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों, शिक्षकों और बच्चों के लिए कुछ नहीं किया गया।

## गोवा में 350 साल प्राचीन सप्तकोटेश्वर मंदिर का हुआ पुनरुद्धार, पीएम मोदी ने गोवा सरकार को दी बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने का उद्घाटन किया। गोवा राज्य अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग ने इस मंदिर का पुनरुद्धार किया हमला किए जाने के बाद, छत्रपति शिवाजी महाराज ने मंदिर का पुनर्निर्माण किया था। यह एक



ऐतिहासिक श्री सप्तकोटेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार पर गोवा सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इससे युवाओं का आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ाव मजबूत होगा और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को राजधानी पणजी से 35 किलोमीटर दूर उत्तर गोवा जिले के नरवे गांव में योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा तीन शताब्दी पहले बनवाए गए पुनर्निर्मित मंदिर है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक ट्वीट करते हुए कहा, ठपुनर्निर्मित श्री सप्तकोटेश्वर देवस्थान, नार्वे, बिचोलिम हमारे युवाओं को आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ेगा। इससे गोवा में पर्यटन को भी और बढ़ावा मिलेगा।वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गोवा सरकार को नवीकरण के बाद ऐतिहासिक मंदिर को फिर से खोलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, ठकई आक्रमणकारियों द्वारा प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में पूरे भारत से पर्यटकों को आकर्षित करेगा।पीएम मोदी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने कहा, ठमाननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सहयोग से इस अमृतकाल में गोवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रहा है, ताकि राज्य में पर्यटन को और बढ़ावा मिल सके।

## जज हिमा कोहली ने गिनवाए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदे, बोलीं-एआई को खतरे के रूप में नहीं देखना चाहिए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश हिमा कोहली ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के पक्ष में और उसके अहम फायदों को गिनवाया है। उन्होंने कहा कि एआई को खतरे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि कानूनी अभ्यास की गुणवत्ता को बढ़ाने के एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे कानूनी क्षेत्र में एक ठगेम-चेंजरठ करार देना जिसमें वकीलों के काम करने के तरीके में क्रांति लाने की क्षमता है। कोविड-19 के दौरान भी एआई ने न्याय प्रक्रिया को चालू रखा-हिमा हिमा कोहली ने कहा कि एआई ने कोविड-19 महामारी के चरम के दौरान और उसके बाद भी न्याय प्रक्रिया को चालू रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि



न्यायमूर्ति कोहली ने जवाबदेही, पारदर्शिता और पार्टियों के अधिकारों की सुरक्षा के बारे में नैतिक चिंताओं को चिह्नित किया, जो कानूनी क्षेत्र में एआई के उपयोग से पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब हम प्रौद्योगिकी को अपनाते हैं, तो यह अनिवार्य है कि हम उन नैतिक चिंताओं से अवगत हों जो अदालतों में एआई के उपयोग से आती हैं। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग पक्षकारों के अधिकारों के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करता है।शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने शनिवार को यहां आईसीआईसीआई बैंक द्वारा आयोजित एक समारोह में कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल स्थापित करना महत्वपूर्ण होगा कि सभी पक्षों को समान रूप से न्याय मिले।

## कमल हासन बोले- जाति ही है मेरी 'सबसे बड़ी' राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चेन्नई।** कमल हासन जो एक भारतीय फिल्म अभिनेता, राजनीतिज्ञ, पटकथा लेखक और फ़िल्म निर्माता हैं। उन्होंने अपना



प्रतिद्वंदी किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि जाति को करार दिया है। अभिनेता और राजनेता कमल हासन ने रविवार को कहा कि जाति ही मेरी 'सबसे बड़ी' राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी है। वह एक पुस्तक के उद्घाटन समारोह में गए हुए थे जहां उन्होंने यह बात कही है। मक्कल निधि मय्यम के अध्यक्ष अपने नीलम सांस्कृतिक केंद्र के हिस्से के रूप में जाने-माने तमिल सिनेमा निर्देशक पा रंजीत की एक पहल ठनीलम बुकठ का उद्घाटन करने के बाद बात कर रहे थे। जिस दौरान उन्होंने कहा कि ठमेरी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी, मेरी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी जाति है। उन्होंने कहा कि मैं यह तब से कह रहा हूं जब मैं 21 साल का था और मैं अब भी कहता हूं, मेरी राय कभी नहीं बदली हैं। कमल हासन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहिये के अविष्कार के बाद भगवान मनुष्य के द्वारा बनाई गई सबसे बड़ी रचना है। साथ ही उन्होंने कटाक्ष रूप में कहा कि हम अपनी खुद की रचना को स्वीकार नहीं कर सकते हैं अगर यह हमारे स्वयं पर हमला करता है। समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्मों के लिए जाने जाने वाले रंजीथ ने कमल हासन की तारीफ की है। रंजीथ ने कहा कि हासन ठवह व्यक्ति हैं जिन्होंने एक कला फिल्म बनाने के फार्मूले को विकसित किया और फिर भी इसे मुख्यधारा के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। अपनी ठनीलम पुस्तकोठ के बारे में रंजीथ ने कहा कि वह केवल ऐसी पुस्तकें रखना चाहते थे जो लोगों को राजनीति को समझने में मदद करें। उन्हें मुख्यधारा की साहित्यिक पुस्तकों और गैर-राजनीतिक पुस्तकों के अलावा राजनीतिक रूप से जिम्मेदार बनाएं।

## केरल में केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन के घर पर हमला करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन के आवास पर पिछले हफ्ते कथित तौर पर हमला करने के आरोप में रविवार को 46 वर्षीय



एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी मनोज कन्नूर जिला के पय्यानूर का रहनेवाला है। उसे थम्पनूर रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मनोज मानसिक रूप से विक्षिप्त है, उसके बयान विरोधाभासी हैं। मनोज होटल के काम से त्रिवेंद्रम आया था। यह हमला पिछले शुक्रवार को कोचुल्लूर सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के पास 'मकायिरम' नाम के एक घर में हुआ था, जहां राज्य की राजधानी में आने पर मंत्री रहते थे। मकान के सामने के शीशे टूटे हुए थे। घर का दरवाजा पत्थर से तोड़ा गया। घर के पिछले हिस्से से ऊपर चढ़ने का भी प्रयास किया गया। इसी बीच मनोज घायल हो गया। घर के सामने बरामदे पर खून लगा था। घटना के समय न तो मंत्री और न ही कर्मचारी घर के अंदर थे। हमले के दौरान लगी चोट से पुलिस को मनोज का जल्द पता लगाने में मदद मिली।

## दिल्ली से जयपुर अब 3 घंटे में, पीएम ने दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले फेज का किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दौसा।** राजधानी दिल्ली से जयपुर जाने वाले लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने आज खास तोहफा दिया है। पीएम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट फेज का उद्घाटन किया। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के चलते अब लोग पांच घंटे की जगह साढ़े तीन घंटे में ही जयपुर जा सकेंगे। पीएम ने इसी के साथ 18,100 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। राजस्थान के दौसा में एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने पर पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से केंद्र सरकार लगातार बुनियादी ढांचे में भारी निवेश कर रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर राजस्थान और देश के लिए प्रगति के दो मजबूत स्तंभ बनने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब ऐसी आधुनिक सड़कें, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो बनते हैं तो देश की प्रगति होती है। मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाला निवेश, दूसरे तरह के निवेश को भी आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह राशि 2014 में प्रावधानित राशि का पांच गुना है और इस निवेश से राजस्थान को काफी फायदा होने वाला है। प्रधानमंत्री ने एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद दौसा में राष्ट्रीय सड़क परियोजना प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। छह राज्यों को जोड़ेगा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे बता दें कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 1,386 किमी की लंबाई के साथ भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। यह दिल्ली और मुंबई के बीच यात्रा की दूरी को 12 प्रतिशत घटाकर 1,424 किमी से 1,242 किमी कर देगा, जबकि यात्रा के समय में वर्तमान 24 घंटे से 12 घंटे तक 50 प्रतिशत की कमी आएगी। एक्सप्रेसवे छह राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा और कोटा, इंदौर, जयपुर, भोपाल, वडोदरा और सूरत जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगा।

## भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब की कानून व्यवस्था में हुआ है सुधार अरविंद केजरीवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व



में पंजाब की कानून व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। मान के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार कैसे हुआ, इस बारे में एक मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए केजरीवाल ने ट्वीट किया कि पहले गैंगस्टरों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था, लेकिन अब यह परिदृश्य बदल गया है।के राष्ट्रीय संयोजक ने एक ट्वीट में कहा कि जब हम पंजाब में सत्ता में आए थे, कानून व्यवस्था की स्थिति खराब थी।

## भारत 2030 से पहले बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था देश की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत ने यूनाइटेड किंगडम को पछाड़ दिया



है जिससे वह विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है। इसी कड़ी में तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन रवि ने नया दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा राज्यपाल आर एन रवि ने देश के विकास पथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि आज भारत की दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था बना है तो यह लक्ष्य भारत के नागरिकों की वजह से हासिल हुआ है न कि भारत की सरकार के वजह से इसलिए यदि आज भारत सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है तो इसका श्रेय यहां को लोगों को दिया जाता है तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शनिवार को कोयंबटूर में एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित किया। संबोधित करते हुए राज्यपाल रवि ने कहा कि अगर आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो यह सरकार की वजह से नहीं है। यह हमारे लोगों मेहनत की वजह से है। उन्होंने यह दावा किया है कि 2030 से पहले हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे राज्यपाल आर एन रवि ने यह भी कहा कि 2047 तक हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमें इसमें कोई संदेह नहीं है।

## महर्षि सरस्वती के जयंती समारोह में बोले पीएम मोदी बेटियां भी चला रहीं राफेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में महर्षि



दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूजा और यज्ञ किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थे गरीबों और वंचितों का उत्थान ही हमारी प्राथमिकता पीएम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और उत्थान की बात कही है और उनकी बातों को आज पूरा किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि आज देश की बेटियां भी राफेल लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। मोदी ने कहा कि गरीबों और वंचितों का उत्थान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। पीएम ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती भारत की महिला सशक्तिकरण की आवाज बने और सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और ऐसी कई विकृतियों के खिलाफ एक मजबूत अभियान चलाया।पीएम ने कहा कि महर्षि दयानंद का मानना था कि हमें ही विश्व को विकास की ओर ले जाना है और सबके विकास का एक जरिया बनना है। मोदी ने इसी के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती के दिखाए रास्ते से करोड़ों लोगों में उम्मीद जगने की बात कही। महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ था। वह एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने प्रचलित सामाजिक असमानताओं का मुकाबला करने के लिए 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी।

## त्रिपुरा में गरजे अमित शाह, बोले-बीजेपी के डर से कट्टर दुश्मन लेफ्ट और कांग्रेस कर रहे इलू-इलू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह आज त्रिपुरा में कांग्रेस और लेफ्ट पर जमकर बरसे। उनाकोटी जिले के चांदीपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि त्रिपुरा में अब भाजपा के काम का असर दिखने लगा है और इसलिए वाम और कांग्रेस डरे हुए हैं उनाकोटी जिले के चांदीपुर में चुनावी रैली को किया संबोधित उनाकोटी जिले के चांदीपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ठत्रिपुरा में लंबे समय तक आदिवासियों को धोखा देने वाला लेफ्ट अब लोगों को ठगने के लिए एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश कर रहा है उन्होंने कहा, ठवाम और कांग्रेस का गठबंधन हो गया है। गठबंधन करते ही वाम ने ये स्वीकार कर लिया कि वे से अकेले नहीं लड़ सकते। कांग्रेस की बात ही क्या करनी, जिन कम्युनिस्टों ने सैकड़ो कांग्रेसियों को मार दिया आज उन्हीं के साथ ये इलू इलू कर रहे हैं।ठ इससे पहले आज सुबह गृह मंत्री अमित शाह ने सुंदरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह एक सप्ताह में राज्य का दूसरा दौरा है। उन्होंने 6 फरवरी को दक्षिणी त्रिपुरा के खोवाई जिले और संतिरबाजार में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। उस दौरान गृह मंत्री ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कम्युनिस्ट, कांग्रेस और मोथा पार्टी तीनों मिले हुए हैं। कांग्रेस और कम्युनिस्ट तो सामने से मिले हैं, लेकिन मोथा टेबल के नीचे से इनसे मिली हुई है। आपको बता दें, त्रिपुरा में बीजेपी ने चुनाव में जीत हासिल करने की काफी तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत बीजेपी के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने राज्य में जनसभाएं की हैं। राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए 16 फरवरी को मतदान होगा। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को मतदान होना है। इसके बाद तीनों जगह की मतगणना 2 मार्च को होगी।

# प्रयागराज में सीबीआई ने पीसीडीए के वरिष्ठ अधिकारी को किया गिरफ्तार



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पीसीडीए) कार्यालय में छापा मारकर एक सीनियर ऑडिटर को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद जारी विज्ञप्ति में बताया की रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, पेंशन, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षक नीरज कुमार कौशल, को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नीरज पेंशन सेटेलमेंट के लिए जिम्मेदार है।

# सिलेंडर फटने से झुग्गी में लगी आग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** नवजात समेत दो बच्चों की मौत, चार लोग दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया



बिसरख नोएडा कोतवाली फेज–वन क्षेत्र में स्थित सेक्टर 8 की जेजे कॉलोनी की एक झुग्गी में घरेलू गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। इस हादसे में 6 लोग झुलस गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने आग पर काबू पाया और घायलों को इलाज के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान एक नवजात समेत दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से झुलसे चार लोगों को दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की घटना आज सुबह करीब तीन बजे सेक्टर 8 के डी-221 के सामने बनी झुग्गी में हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड फेज-1 की दो गाड़ियां और कोतवाली फेज-1 की पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान एक परिवार के 6 लोग इस आग में बुरी तरह झुलस गए। फीस न देने पर बच्चे को दी गई ऐसी सजा कि हो गया लकवे का शिकार, प्रिंसिपल अरेस्ट सीएफओ ने बताया कि आग में झुलसे लोगों को नोएडा के सेक्टर 30 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में इलाज के दौरान 12 वर्षीय लड़के और 12 दिन की शिशु कन्या की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग गैस के सिलेंडर में लीकेज की वजह से लगने की बात सामने आई है।

# जिला कारागार में जेलर,डिप्टी जेलर,फार्मासिस्ट व बंदियों ने किया रक्तदान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में राजा प्रताप बहादुर जिला चिकित्सालय सम्बद्ध डा0 सोने लाल पटेल



चिकित्सा महाविद्यालय के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला कारागार के जेलर राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया गया। रक्तदान शिविर में जेलर राजेश कुमार पाण्डेय, डिप्टी जेलर आफताब अहमद अंसारी, फार्मासिस्ट कुलदीप कुमार सिंह सहित कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बंदीगण प्रवीण कुमार सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, प्रेम वर्मा सहित कुल 25 बंदियो द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक इंचार्ज डा0 दीपिका केसरवानी द्वारा सभी रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। जेलर ने सभी को रक्तदान के लिये प्रोत्साहित करते हुये कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन के लिये वरदान हो सकता है।डा0 दीपिका केसरवानी ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन को बचाने की दिशा में एक उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय प्रयास है। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव, डिप्टी जेलर द्वय आफताब अहमद अंसारी व सुनील कुमार द्विवेदी, कारागार चिकित्सक डा0 अरविन्द सरोज, लैब टेक्नीशियन विशाल शुक्ला, गौरवमनि त्रिपाठी, शिवम् कुमार, श्रद्धा शुक्ला, कुसुम लता व वार्ड ब्वॉय अरविन्द, महेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी में समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या का विरोध हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**लखनऊ।** वाराणसी से सोनभद्र जाते समय यह विरोध हुआ है।





स्वामी प्रसाद मौर्य की गाड़ी पर स्याही और काले कपड़े फेंकी गई है। हिंदूवादी संगठन से जुड़े हुए लोगों ने विरोध किया है। मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने लोगों को खदेड़ दिया है। वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगरा मोड़ का मामला है।सपा श्थ्ण् स्वामी प्रसाद मौर्य का आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पर गए हुए हैं। वाराणसी पहुंचे स्वामी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि मैं मानस की कुछ चौपाइयों का विरोध करता हूं पूरी मानस का विरोध नहीं। उन्होने कहा कि मैं हिन्दू हूं मेरे सभी सर्टिफ़िकेट में हिन्दू है।स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि अभी तक जो ऐतिहासिक साक्ष्य आए हैं, सबसे पहले भगवान बुद्ध का बौद्ध धर्म आया, उसके बाद ईसाई धर्म उसके बाद इस्लाम धर्म आया, इसके बाद ही तमाम धर्म और पंथ पैदा हुए। मौलाना महमूद मदनी के बयान का समर्थन किया है।उन्होने बीजेपी पर हमला बोलेते हुए कहा कि गरीब नौजवान किसान की महंगाई से कमर टूट गई। लघु,मध्यम वर्ग के व्यापारी से धन उगाही हो रही। लखनऊ के नाम बदलने पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि लखनऊ की संस्कृति हमारे देश की पहचान है, आज बीजेपी के नेता नाम क्यों बदल रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर करछना थाने में सुनी जनता की समस्यायें

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के दिए निर्देश



जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर लेखपाल नवीन श्रीवास्तव का वेतन रोकने एवं कानूनगो अमित पाठक से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने समाधान दिवस के अवसर पर थाना करछना पहुंचकर जनता की शिकायतों को सुना तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 07 शिकायतें आई, जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कार्य में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने लेखपाल नवीन श्रीवास्तव का वेतन रोकने एवं कानूनगो अमित पाठक से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का शीर्ष प्राथमिकता पर निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर डीसीपी यमुनानगर नगर, एसीपी करछना एवं एसडीएम करछना सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आजाद प्रतिमा की मरम्मत को पहुंची टीम, घेराबंदी करके रंग-रोगन का कार्य किया शुरू



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा की मरम्मत को जबलपुर से टीम प्रयागराज आ गई है। टीम ने घेराबंदी करके प्रतिमा का रंग-रोगन शुरू कर दिया है। जबलपुर से नैरोलेक कंपनी के चार लोग प्रतिमा की मरम्मत में जुट गए हैं। पिछले दिनों मांडा निवासी रजनीकांत ने दावा किया था कि आजाद प्रतिमा से पानी का रिसाव हो रहा है। जिसके बाद जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के निर्देश पर चंद्र शेखर आजाद पार्क के उद्यान अधीक्षक उमेश चंद्र उत्तम ने जबलपुर की एजेंसी को प्रतिमा की मरम्मत के लिए कहा था। प्रतिमा मरम्मत के लिए आए संजय सिंह राजपूत का कहना है कि प्रतिमा अंदर से खोखली है। ऊपर कहीं भी गैस निकलने की जगह नहीं है। यही कारण है कि जब गैस को रास्ता नहीं मिलता तो वो पानी में परिवर्तित होकर नीचे से बाहर आ रही है। संजय का दावा है कि हर प्रतिमा में ऊपर की ओर गैस निकलने का रास्ता दिया जाता है। यहां पर ऐसा न होने के कारण पानी की बूंदों का रिसाव हो रहा है।

# बारा थाना क्षेत्र के असरवई गांव के एक युवक ने शनिवार की सुबह ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के असरवई गांव के एक युवक ने सेहुंड़ा नहर पुलिया के पास शनिवार की सुबह ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। युवक की शादी रविवार रात थाना परिसर के मंदिर में क्षेत्र के लोहगरा केवटान की एक युवती से कराई गई थी। मृतक के परिजनों के मुताबिक वह शादी से दुखी था। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया है। सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई गया प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने युवती के माता, पिता सहित चार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के असरवई निवासी रामेश्वर बिंद (21) का क्षेत्र के लोहगरा केवटान की युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी युवती के परिवार वालों को हुई तो परिजन युवक पर शादी का दबाव बनाने लगे। युवक विवाह करने से इन्कार कर रहा था। मामले में लड़की के पिता नौ फरवरी बृहस्पतिवार को बारा पुलिस को



शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। शुक्रवार को दोनों पक्ष थाने पहुंचे। काफी समय तक चली पंचायत में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। आपसी सहमति के आधार पर युवक को युवती से विवाह करना पड़ा। दोनों के परिजनों की उपस्थिति में बारा थाना परिसर के मंदिर में विवाह संपन्न हुआ। युवती शादी के बाद पति के घर असरवई गई। इधर, शनिवार की सुबह युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर बारा अनिल वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दोनों रजामंदी से मंदिर में विवाह कर घर चले गए थे। सुबह घटना की सूचना पर मौके पर गया था। लड़की को उसके पिता के घर लोहगरा भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर लड़की के पिता कृष्ण कुमार व उसकी मां निवासी लोहगरा मोनू उर्फ शिवानंद निवासी कांटी घूरपुर, विवेक उर्फ लोहा निवासी असरवई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खेलों से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकासः सांसद संगम लाल गुप्ता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** महावीर सिंह खीची इंटर मीडिएट कॉलेज अजगरा रानीगंज



में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में संगम लाल गुप्ता सांसद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के इस देश के नागरिक हैं।खेल के बिना इन बच्चों का संपूर्ण विकास हो ही नहीं सकता।खेल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें खो-खो बालक वर्ग में छेमरसरइया और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय काछा की लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका के वर्ग में प्राथमिक विद्यालय कांता की नैंसी यादव ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।11से 14ःवर्ग कबड्डी में बालक मैं सीपीएस गुरुकुल और पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें 12 13 के 1 अंक बढ़त के साथ गुरुकुल की टीम ने यह मैच अपने नाम किया बालक वर्ग के 14 से 24 वर्ग में कबड्डी में शमशेरगंज विजई रहा प्रतियोगिता के अवसर पर गुड्डू पांडे ,वरुण सिंह, विनोद सरोज ,रवि सिंह,निर्भय सिंह,अर्जुन कुमार ,सुशील सिंह व्यायाम शिक्षक ,सुशील सिंह,रामदीव गुप्ता, उदय राज सिंह, बालकृष्ण,अजय सरोज, उदयसिंह, कुलदीप शुक्ला ,शरद तिवारी ,विवेक सिंह,प्रियंका सिंह, अमित सिंह निर्मल राजलक्ष्मी पुष्पा सिंह ,जमील ,भोपाल, शैलेंद्र सिंह ,दीपक पाल ,आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत ने किया 44020 वादों का निस्तारण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में किया जाये जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44020 वादों का निस्तारण किया गया जिनमें 3714 फौजदारी वाद, 16 एन0आई0 एक्ट, 01 विद्युत वाद, 21 मोटर दुर्घटना वाद, 46 वैवाहिक वाद, 202 सिविल वाद, 1516 बैंक ऋण, 42 बीएसएनएल वाद, स्थायी लोक अदालत वाद 04 एवं कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 38458 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों में 602110 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में रूपये 17255000 का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 19506547 रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। बैंक वादों में 77775445 रूपये एवं बीएसएनएल वादों में 105713 रूपये का समझौता हुआ। इस लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्तागण, मध्यस्थगण, कर्मचारीगण व बैंकों का सहयोग सराहनीय रहा।



# एसडीएम व नायब तहसीलदार साक्षी राय व प्रबंधक ने छात्राओं का नम आंखों से किये विदाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** विकास खंड के बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी बालिका तहसीलदार पिंडरा ने कहा कि मूल्यों के साथ जीवन जीने का मूल्य सिखाया उन्होंने कहा कि है प्रकृति प्रदत गुण उनके अंदर निहित होता है एक साथ कई कार्य करने की दक्षता है। बेटी बचाओ



इंटर कॉलेज में आज शनिवार को छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्यनारायण भगवान की कथा एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजेश वर्मा एसडीएन खंड विकास अधिकारी चिरईगांव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने निरंतर अध्ययन परीक्षा में दबाव महसूस ना करते हुए प्रश्नों को हल करना चाहिए उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है मेहनत की आवश्यकता है विशिष्ट अतिथि के रूप में साक्षी राय नायब परिस्थितियों से समझौता नहीं करना चाहिए बल्कि उसका मुकाबला करना चाहिए विद्यालय द्वारा छात्राओं को संस्कार युक्त शिक्षा एवं कौशल विकास की सराहना कर स्वागत किया गया। वही चंद्रमा सिंह महाविद्यालय के डॉक्टर विजय नारायण सिंह ने कहा कि छात्राओं के शिक्षित होने से दो परिवारों का संस्कार स्वत, हो जाता है अध्यक्षी भाषण के रूप में विद्यालय के डायरेक्टर कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि नारी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि स्त्रियां किसी क्षेत्र में कमजोर नहीं बेटी पढ़ाओ एकांकी जैसे अनेकों मनमोहक नृत्य गीत का कार्यक्रम हुआ। जिसमें विदाई गीत ने लोगों के नम आंखों से छात्राएं भावुक दिखी अपने आंसुओं को पूछती रही है तथा 12वीं की छात्राओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया । जानवी शर्मा, संतोष विश्वकर्मा ,शेर बहादुर विश्वकर्मा ,विनोद पांडे, प्रेमा सिंह ,विमल विश्वकर्मा ,शिवाजी सिंह, क्या आदि लोग उपस्थति रहे। धन्यवाद ज्ञापन सीमा सिंह ने दिया।

# प्रयागराज में साली की शादी की सालगिरह पर डांस करते हुए आया हार्ट अटैक, मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में शादी की सालगिरह समारोह में नाचते नाचते दवा कारोबारी अमनदीप वर्मा की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह अपने साली की शादी की पहली सालगिरह कार्यक्रम में डांस कर रहे थे। तभी अचानक गिर पड़े। परिजन और रिश्तेदार उन्हें आधे घंटे के अंदर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने मौत का कारण हार्टअटैक बताया है। पार्टी का आयोजन सिविल लाइंस के पंखुरी गार्डन में हुआ था। कर्मचारियों के मुताबिक खाने के बाद लगभग रात 11 बजे कार्यक्रम समाप्ति की ओर था जब अमनदीप वर्मा को डांस के लिए कहा गया और वो भी बाकियों के साथ शामिल हो गए। इस दौरान बाकी लोग बैठे हुए थे। इसी बीच उन्हें सीने में हल्का दर्द हुआ और वह बैठ गए। लेकिन फिर नाच में शामिल हो गए। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उनको एसआरएन अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। उनके दो बच्चे हैं। जिनमें से एक 12वीं और दूसरा 9 वीं में पढ़ता है।



# कुंभ को लेकर प्रदेश सरकार ने शुरू की तैयारियां, सड़कों पर दौड़ेंगी सीएनजी बसें, सीएम ने किया ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कुंभ 2025 को लेकर तैयारियों जोरसोर से होने लगी



है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपना मास्टर प्लान बना लिया है। कुंभ में श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार से कोई तकलीफ न हो इसके लिए सुरक्षा से लेकर आवागमत की व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 150 सीएनजी बसें संचालित करने का निर्णय लिया ह मई 2023 तक 20 बसों के आने की पूरी संभावना है। परिवहन निदेशालय की ओर से 15 बड़े शहरों में सीएनजी की बसें संचालित करने के लिए हरी झंडी पहले दी जा चुकी है। जिसको ध्यान में रखते हुए पहले चरण यानी मई माह में इन शहरों में बसें भेजी जाएंगी। इनमें प्रयागराज का भी नाम शामिल है यहां पहले 20 बसें संचालित की जाएंगी। इसके बाद अलग अलग चरणों में 130 और महाकुंभ के पहले कुल 150 बसें संचालित की जाएंगी इस योजना के अंतर्गत सरकार की मंशा है कि डीजल बसों का संचालन धीरे-धीरे पूरी तरीके से बंद हो जाए। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक एमके द्विवेदी का कहना है कि अब हम सीएनजी बसों पर फोकस कर रहे हैं। प्रयागराज मंडल में 150 सीएनजी बसें जल्द ही भेजी जाएंगी।

# वर पक्ष को नशीला पदार्थ खिलाकर बनाया शिकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मरुधर एक्सप्रेस में बीते छह फरवरी को नशीला पदार्थ खिला कर वर पक्ष को अपना शिकार बनाने वाली युवती समेत सहयोगी महिला को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। विभिन्न धाराओं में चालान कर आरोपिता को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। दोनों को जनरल टिकट घर के पास से पकड़ा गया। इस मामले में चार अन्य आरोपितों को पुलिस तलाश रही है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत सिंह ने बताया कि अजमेर (राजस्थान) के फारसी कॉलोनी शास्त्री नगर निवासी अंकित माहेश्वरी का विवाह छह फरवरी को सहजनवा (गोरखपुर) निवासी गुड़िया से हुआ। शादी की रस्में बलुआ (चंदौली) क्षेत्र के मटियारा निवासी चंदा के घर पूरी कराई गईं। उस समय चंदा की परिचित मुगलसराय (चंदौली) के दुलहीपुर की रेखा व पूजा भी मौजूद थीं। चंदा ने शादी के एवज में अंकित से नकदी-कपड़ा और जेवर लिया।

# घर में घुसकर बुजुर्ग महिला के साथ लूटपाट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कीडगंज थाना अंतर्गत खलासी लाइन के पास रहने वाले विकेश कुमार जायसवाल पुत्र बताया जाता है कि 9 फरवरी को शाम करीब 06:00 बजे रितेश जायसवाल के घर में अज्ञात बदमाशों ने घुसकर उनकी माता



स्वर्गीय राजेश कुमार जायसवाल की माताजी 65 वर्षीय मिथिलेश जायसवाल घर के अंदर कमरे में लेटी हुई थी और घर के अंदर दो बच्चे अलग-अलग कमरे में पढ़ रहे थे। घात लगाए बदमाशों ने घर का दरवाजा खुला पाकर घर में प्रवेश कर गए और नितेश कुमार जायसवाल की माता पर जानलेवा हमला करते हुए घर में लूटपाट की। जी के ऊपर रजाई से मुंह ढक कर जान से मारने का प्रयास किया। घर में आहट सुनने के बाद बदमाशों ने माता जी के पहने हुए आभूषणों को लूट लिया और वहां से रफूचक्कर हो गए। परिवार वालों ने इसकी सूचना कीडगंज थाने को दे दी है, वही पुलिस तहरीर लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रयागराज थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा अवैध रूप से हुक्काबार का संचालन करते/पीते हुए 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ङ05 अदद हुक्का, 05 अदद पाईप, 24 अदद डिब्बा पुत्र मुकेश शुक्ला निवासी मलाक हरहर थाना फाफामऊ जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष, 2.अब्दुल अब्दुल रहमान अंसारी निवासी निकट निरंजन पी0सी0ओ0म्योराबाद थाना कैन्ट





विभिन्न फ्लेवर तम्बाकू, 05 अदद चारकोल , 1000 ग्राम फ्लेवर्ड पाउडर पैकेट बरामद थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कैफे कनेक्शन रेस्टोरेन्ट शांतिपुरम गद्दोपुर रोड में अवैध रूप से हुक्काबार का संचालन करते/पीते हुए 04 अभियुक्त 1.सम्मान शुक्ला रहमान पुत्र मो0 साहिन अहमद निवासी 59/60 बद्री आवास मेहदौरी तेलियरगंज थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज उम्र 23 वर्ष 3. मो0अल्फाज पुत्र मो0 इजाजुद्दीन निवासी 4ए/9ई /1ए म्योराबाद थाना कैन्ट जनपद प्रयागराज उम्र 22 वर्ष, 4.अदनान रहमान अंसारी पुत्र जनपद प्रयागराज उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से हुक्का व हुक्का के साथ उपयोग मे लायी जाने वाली अन्य सामग्री बरामद की गयी । उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फाफामऊ में मु0अ0सं0 33/23 धारा 04/07/21 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । **गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**-1.सम्मान शुक्ला पुत्र मुकेश शुक्ला निवासी मलाक हरहर थाना फाफामऊ जनपद प्रयागराज, उम्र19 वर्ष 2.अब्दुल रहमान पुत्र मो0 साहिन अहमद नि0 59/60 बद्री आवास मेहदौरी तेलियरगंज थाना शिवकुटी प्रयागराज उम्र 23 वर्ष 3. मो0 अल्फाज पुत्र मो0 इजाजुद्दीन निवासी 4ए/9ई /1ए म्योराबाद थाना कैन्ट जनपद प्रयागराज, उम्र 22 वर्ष4. अदनान रहमान अंसारी पुत्र अब्दुल रहमान अंसारी नि0 निकट निरंजन पी0सी0ओ0म्योराबाद थाना कैन्ट जनपद उम्र 21 वर्ष **बरामदगी का विवरण** -05 अदद हुक्का, 05 अदद पाईप, 24 अदद डिब्बा विभिन्न फ्लेवर तम्बाकू, 05 अदद चारकोल , 1000 ग्राम फ्लेवर्ड पाउडर पैकेट बरामद **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**-1. उ0नि0 विश्वेन्द्र कुमार यादव , उ0नि0 बृजेश कुमार यादव , उ0नि0 राजकुमार यादव , उ0नि0 विनय कुमार यादव , हे0का0 सूर्य नारायण कुशवाहा , का0 सर्वजीत कुमार, का0 लोकेश सिंह थाना फाफामऊ पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ।

सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13.02.2023 को मु0अ0सं0 48/ 23 धारा 302/120बी भादवि में खरवाई थाना देलूपुर जनपद प्रतापगढ, उम्र 22 वर्ष **सम्बन्धित अभियोग -** मु0अ0सं0 0048/23 धारा 302/120बी भादवि थाना मेजा प्रयागराज **बरामदगी का विवरण-** आलाकत्ल- 01 अदद डण्डा




वांछित अभियुक्त दिलशाद पुत्र नियाज उर्फ नियाजुद्दीन निवासी ग्राम खरवाई थाना देलूपुर जनपद प्रतापगढ उम्र 22 वर्ष को मेजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल- 01अदद डण्डा बरामद कर किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** दिलशाद पुत्र नियाज उर्फ नियाजुद्दीन निवासी ग्राम **गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** 1.प्र0नि0 ज्ञानेश्वर मिश्र थाना मेजा 2. उ0नि0 अखिलेश सिंह चौकी प्रभारी कोहड़ार 3. हे0का0 राजकुमार राय 4. हे0का0 अरविन्द चौबे 5. का0 जुबैर खाँ थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज 1. उ0नि0 रणजीत सिंह प्रभारी एसओजी यमुनानगर 2. हे0का0 अनिल सिंह 3. हे0का0 अमित राय 4. हे0का0 धर्मेन्द्र यादव एसओजी यमुनानगर 5. हे0का0 सुधांशु राय सर्विलांस सेल कमि0 प्रयागराज

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी हुई मौत घरों में मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाड़ी गांव में परिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ेर में पत्नी की में सोने चला गया शनिवार की सुबह 7:30 बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो कमरे में बने झरोखे से मृतक का बड़े भाई धर्मेंद्र ने देखा कि मनोज घर के बड़ेर में साड़ी का



साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया फांसी की सूचना स्थानीय लोगों ने डाला पुलिस चौकी को दे दिया सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्ता ने पहुंचकर युवक को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार दुबे उर्फ कल्लू पुत्र स्वर्गीय उमेश उर्फ पन्ना दुबे निवासी बाड़ी गांव रोज की भांति शुक्रवार की रात्रि भोजन करके अपने कमरे फंदा लगाकर लटक रहा है मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र दुबे ने डाला पुलिस को सूचना दी घटना के दौरान मृतक मनोज की पत्नी मायके गई हुई है इस संदर्भ में डाला चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक मनोज के भाई धर्मेंद्र दुबे की सूचना पर शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# सोनभद्र पुलिस को बड़ी सफलता लगी हाथ मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग का हुआ पर्दाफाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के खरीदने व बेचने



वाले गिरोह का हुआ खुलासा पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश व मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना रावटसगंज सूची टीम को अथक प्रयासों के मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग को किया गिरफ्तार जिसमें 9 अभियुक्त एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसमें हीरोइन 2 किलो 180 ग्राम जिसकी कीमत 2 लाख 20 हजार की अनुमानित किया गया है पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है हम लोग हीरोइन के तरस्कातरस्कारी व विक्रेता को हीरोइन की बड़ी खेप हम लखनऊ से लाकर रावटसगंज व आसपास के क्षेत्रों में बैचते हैं आज इसी चार पहिया वाहन से गोपालपुर विमल राम उपयोग लखनऊ से लेकर आया जिससे हम सभी अपने विक्रय ओं के अनुसार आपस में बांट ले कर जाने वाले थे तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

# घोरावल विकासखंड के शिक्षामित्रों ने 20 फरवरी को परिवार सहित जाने की भरी हुंकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** घोरावल ब्लाक के अंतर्गत खरुआव में आज दिनांक 11/02/ चौबे ने की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वकील अहमद खां ने कहा कि आगामी 20 किशोर सिंह मुख्य अतिथि होंगे तथा बेसिक शिक्षा मंत्री विशिष्ट अतिथि रहेंगे इसके अलावा राज्य



2023दिन शनिवार को आदर्श समायोजित शिक्षक /शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन घोरावल ब्लाक की बैठक कंपोजिट विद्यालय खरुआव, घोरावल, सोनभद्र, पर ब्लॉक अध्यक्ष रामरक्षा सिंह एवम ब्लॉक संरक्षक अशोक कुमार चौबे की अगुआई में सम्पन्न हुई त् जिसकी अध्यक्षता वकील अहमद खां जिला अध्यक्ष तथा संचालन अशोक कुमार फरवरी 2023 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रमाबाई पार्क में होने वाला महासम्मेलन शिक्षामित्रों की दिशा और दशा को तय करेगा, इसलिए महासम्मेलन में शिक्षा मित्र भाई/ बहन अपने माता-पिता सगे संबंधी को साथ लेकर पहुंचे सुषमा झा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ने कहा कि महा सम्मेलन में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री कौशल सरकार के कई मंत्री गण सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे उन्होंने सभी महिला बहनों से गुजारिश की सभी बहने अपने परिवार , पति सहित महासम्मेलन में प्रतिभाग करेंतरामरक्षा सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित शिक्षामित्रों को आश्वस्त किया कि आगे आने वाला समय शिक्षामित्रों का होगा योगी आदित्यनाथ की ही लोकप्रिय सरकार शिक्षामित्रों के जीवन को संवारने का कार्य करेगी रामेश्वर सोनी ब्लॉक मीडिया प्रभारी ने कहा कि शिक्षामित्रों को अब हताश और निराश होने की जरूरत नहीं है महासम्मेलन के पश्चात योगी सरकार में कल्याण संभव है रामविलास जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के सभी शिक्षामित्र एक हैं आंदोलन की तरह महासम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं केंद्र व राज्य सरकार से शिक्षामित्रों के लिए भविष्य रक्षित करने आजीविका के संकट के संबंध समाधान की उम्मीद कर रहे हैं त् लालमणि ने कहा कि प्रतिदिन हो रही शिक्षामित्रों की मौत से शिक्षामित्र ही नहीं ,अपितु राज्य एवं केंद्र सरकार भी चिंतित है महासम्मेलन में समस्या और समाधान पर चर्चा होगी त् इस मौके पर रामेश्वर सोनी, संतोष मिश्रा ,जगदीश ,जितेंद्र नाथ सिंह, श्यामसुंदर भारती ,सियाराम, बद्री प्रसाद ,हरिश्चंद्र ,अमरनाथ, सुरेश कुमार ,उदयनाथ, अंजना गोस्वामी, संजय कुमार चौरसिया, रेशू बाला देवी ,सुनैना ,बिंद्रा यादव, लालमणि ,अशोक चौबे, मनीषा चौबे ,सुशील कुमार पाठक, रामविलास ,रानी देवी, राजाराम ,मनोज मिश्रा, मन्नूलाल सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे ।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन कल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग ने शनिवार को एक अतिथि शामिल होंगे। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष भोर में त्रिवेणी एक्सप्रेस से रॉबर्ट्सगंज आएंगे? और प्रतिनिधिमंडल के जिला



अध्यक्ष रतनलाल गर्ग के आवास पर कुछ समय विश्राम करने के पश्चात कोन के लिए प्रस्थान करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि चोपन और डाला बाजार में व्यापारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत भी किया जाएगा। रतन लाल गर्ग ने बताया कि अगर

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कल दिनांक 12 फरवरी दिन रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य सभा सदस्य बनवारी लाल कछंल कोन ब्लॉक में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो कोन ब्लॉक में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप सकता है तथा उन्होंने अधिक से अधिक व्यापारियों को आयोजित सम्मेलन में आने की अपील की है।

# किसान मोर्चा जनपद सोनभद्र के चुर्क मंडल में किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** भाजपा किसान मोर्चा जनपद सोनभद्र में बजट के अमृतकाल पर किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री सुरेश मोर्या जिला प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा सदस्य डा. आनन्द चौबे रहे पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा भाजपा मिश्रा जिला उपाध्यक्ष महामंत्री नार सिंह पटेल सुर्यदेव पाण्डेय मोर्चा जिला सह मीडिया प्रभारी कमलेश पाण्डेय मिडिया प्रकाश पाण्डेय प्रभारी चुर्क मण्डल अध्यक्ष धीरेंद्र




रुप से किसानों की सुबिधाऔर भलाई के लिए बात किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जी ने किसान को भगवान का दर्जा देते हुए उन्हें सम्मानित किए ।भाजपा किसान मोर्चा अमृत काल बजट पर संगोष्ठी का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष यादवेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । मुख्य किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष यादवेंद्र द्विवेदी द्वारा 2023 के बजट पर सरकार के द्वारा किसान के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया मोटे अनाज उत्पादन हेतु अन्न योजना व प्राकृतिक खेती प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में सहित अन्य चर्चा हुई अनिल सिंह राजेश जायसवाल जिला शोशल मिडिया प्रभारी अभय कान्त दुबे कर्मा मण्डल अध्यक्ष विपिन मिश्रा भाजपा किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय कर्मा मिडिया प्रभारी सन्दीप दया शंकर पाण्डेय महिला मोर्चा आशा प्रमिला गोपाल सिंह प्रकाश पाण्डेय सहित किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में आज कक्षा 12वीं का विदाई समारोह एक गुड लक पार्टी के रूप में संपन्न हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**शक्तिनगर /सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में आज कार्यक्रम का शुभारंभ किया कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा प्राची झा ने ठतूने इतना प्यार करा जहां अपने एकल




कक्षा 12वीं का विदाई समारोह एक गुड लक पार्टी के रूप में संपन्न हुआ त् सर्वप्रथम प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने कक्षा बारहवीं के छात्रों के साथ दैनिक हवन भजन कर उन्हें अपने आशीर्वचन से अभिभूत कर मंगलमय भविष्य की कामना की तदुपरांत कक्षा बारहवीं के छात्रों एवं अध्यापकों के साथ सामूहिक दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक गीत के माध्यम से सबका मन आकर्षित किया वही स्नेहा एवं उनके साथियों ने समूह नृत्य के माध्यम से अपनी सुंदर प्रस्तुति दी त् कक्षा बारहवीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्टूडेंट गेम प्रतियोगिता के दौरान दिल लूटने वाले जादूगर अब मैंने तुझे पहचाना रीमिक्स डांस ने जहां सब को भावविभोर किया वही नंदिनी द्वारा प्रस्तुत श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में गीत ने सबको धार्मिकता से भी ओतप्रोत कियात् कक्षा बारहवीं के छात्र नमन श्रीवास्तव ने अच्छा चलता हूं दुआओं में याद रखना गीत के माध्यम से जहां सब का आशीर्वाद लिया वही हेड बॉय आदित्य सिंह ने तेरा यार हूं मैं गीत के माध्यम से अपनेपन की भावना से सबका मन भावविभोर किया कक्षा बारहवीं के छात्र नमन श्रीवास्तव, आदित्य सिंह एवं पूजा सिंह ने अपने विद्यालय के अनुभव साझा करते हुए बताया कि हम अपने गुरुजनों के सदैव आभारी हैं जिन्होंने अपना अलौकिक ज्ञान देकर विकास की दौड़ में हमें आगे बढ़ना सिखाया है तथा साथ ही साथ हमें कर्मठता कुशलता एवं मानवीयता जैसे संस्कार भी दिए हैं कार्यक्रम समापन पर प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने कक्षा बारहवीं के सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके मंगलमय एवं उज्जवल भविष्य की कामना कर जीवन में सफलता की सर्वोच्च ऊंचाइयों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के छात्र शाश्वत प्रकाश शुक्ला एवं उनके साथियों ने कुशलतापूर्वक संपन्न किया ।

# पडरछ प्रधान प्रतिनिधि द्वारा टूर्नामेंट मैच का किया आयोजित



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विकास खंड चोपन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रछ में 15 दिवसीय मां अमिला टूर्नामेंट मैच का कार्यक्रम अमरेश यादव पड़रछ प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में आयोजित किया गया था जिसके क्रम में शनिवार को मां अमिला टूर्नामेंट मैच फाइनल किक्रेट मैच खेला गया जिसमें चोपन की टीम विजई हुई उप विजेता झिरगाडंडी की टीम बनी और प्रथम विजेता टीम को 15 हजार रुपए नकद राशि व उप विजेता टीम को 75 सौ रुपए नकद राशि सहित सील्ड ट्राफी इस कार्यक्रम के संयोजक अमरेश यादव पड़रछ प्रधान प्रतिनिध ने देकर सम्मानित करते हुए सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खिलाड़ीयों सहित उपस्थित सभी युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर बिल्ली मारकुंडी प्रधान प्रतिनिधी अमरेश यादव ,पनारी प्रधान, लक्ष्मण यादव,गणेश यादव , धीरज,हरियोम, कमलेश,वी नन्द लाल,यादव, चोपन टीम के कप्तान, सतीश यादव, विमलेश यादव, लोग शामिल रहे।

# व्यापारियों को दी जाने वाली 3 हजार रुपए की पेंशन को बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया जाए- बनवारीलाल कंछल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** कोन ब्लॉक में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने आए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने संगठन के जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग के राबर्ट्सगंज स्थित आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सभी विभागों के सर्वे छापों का कड़ा विरोध किया जायेगा। श्री कंछल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि फिलहाल उनकी सरकार ने सर्वे छापों पर रोक लगा रखी है, लेकिन मेरा उनसे अनुरोध है कि उनकी सरकार को सभी विभागों के सर्वे छापों को बंद करने का कानून बनाना चाहिए। सर्वे छापों से बाजारों में भय का माहौल व्याप्त हो जाता है और जिस व्यापारी के यहां सर्वे छापे की कार्यवाही होती है उसका व्यापार चौपट होता है। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि करदाता व्यापारी का 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा एवं दुकान के लूटने व जलने पर भी 10 लाख रूपये का बीमा कराया जाना चाहिए। मण्डी शुल्क बिहार एवं दिल्ली में नहीं है ऐसे में उत्तर प्रदेश के व्यापार को बचाने के लिए मण्डी शुल्क की दर एक प्रतिशत की जाये।



आधा प्रतिशत सेस समाप्त किया जाये एवं गेट पास के लिए कटने वाली पर्ची (आर एवं 9 आर को समाप्त किया जाये। व्यापारियों को दी जाने वाली 3000 रूपये की पेंशन बहुत कम है। इसे बढ़ाकर 30 हजार रूपये प्रतिमाह की जाये। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का गठन 23 सितम्बर 1973 को वाराणसी में सम्पन्न हुआ था। इसके उपरांत शनैः शनैः करके उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों, तहसीलों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं छोटे बड़े सभी बाजारों में व्यापार मण्डल का मजबूत गठन किया गया है। इसी कड़े परिश्रम का परिणाम है कि आज प्रदेश के सभी जनपदों में लगभग 16 हजार से ज्यादा इकाईयां गठित हैं। आज उत्तर प्रदेश के 95 प्रतिशत बाजारों में व्यापार मण्डल का गठन है। हम बड़े गर्व के साथ कह सकते है कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन है। 23 सितम्बर 2023 को व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार मण्डल द्वारा वर्ष 2023 में व्यापार मण्डल का स्वर्ण जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। व्यापार मण्डल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापारी सम्मेलनों के साथ-साथ भिन्न-भिन्न आयोजन भी किये जायेंगे। व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन मंथन किया जायेगा। व्यापारी सम्मेलन में पुराने-नये 50 व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रत्येक सम्मेलन में व्यापारियों को व्यापार मण्डल की उपलब्धियों एवं व्यापार मण्डल के बलिदानों से अवगत कराया जायेगा।

# नाबालिग बच्चे की हत्या करने वाले दो आरोपीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**थाना शाहगंज क्षेत्रान्तर्गत कस्बा शाहगंज स्थित कब्रिस्तान में एक नाबालिक बच्चे की शव मिला है । उक्त शव की शिनाख्त कर मृतक की मां द्वारा में उक्त टीम द्वारा आज दिनांक 11.02.2023 घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. धनेश पुत्र स्व0 बासदेव निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र 2. सुनील पुत्र सोनभद्र । 2- निरीक्षक मो0 साजिद सिद्दीकी प्रभारी सर्विलांस, जनपद सोनभद्र । 3- निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी, जनपद सोनभद्र । 4- उ0नि0 संजय सिंह, थाना



दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर थाना शाहगंज पर मु0अ0सं0 15/2023 धारा 302, 201 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा एसओजी एवं थाना शाहगंज पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व लक्ष्मीनारायन निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र को टुटेर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1- धनेश पुत्र स्व0 बासदेव निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र । 2- सुनील पुत्र लक्ष्मीनारायन निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र । **पुलिस टीम का विवरण-** 1- प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाल, थाना शाहगंज, जनपद शाहगंज, जनपद सोनभद्र । 5- हे0का0जगदीश मौर्या, हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, का0 रितेश पटेल, का0 अजीत यादव, का0 सतीश कुमार सिंह स्वाट टीम/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र । 6- हे0का0 राकेश कुमार यादव, हे0का0 राजीव मिश्रा, का0 रामेश्वर प्रसाद थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र ।


# भारत-पाक हाई वोल्टेज मुकाबले में बारिश डालेगी बाधा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम आज यानी 12 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के लिए उतरेंगी। बता दें कि केपटाउन में खेले जाने वाले मैच में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर किसी तरह की कमी नहीं छोड़ना चाहेंगी। बता दें कि दोनों टीमों के बीच यह सातवीं भिड़त होगी। इस मैच में स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना चोट के चलते नहीं खेल रही है। ऐसे में केपटाउन में खेले जाने वाले मैच से पहले जानते है पिच और मौसम के बारे में विस्तार से। बता दें कि भारत-पाक के बीच खेले जाने वाला महामुकाबला केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। अगर बात करें केपटाउन पिच की तो बता दें कि यह पिच गेंदबाजी के लिए अनुकूल पिच है। इस पर खासतौर से तेज गेंदबाज कारगर साबित होते हुए नजर आए है। यह पिच तेज गेंदबाजों को कुछ उछाल और स्विंग प्रदान करती है। यहां मध्य ओवरों में स्पिन गेंदबाजों को फायदा मिलता है। अगर बात करें भारतीय महिला टीम और पाकिस्तान महिला टीम के बीच खेले जाने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले की तो बता दें कि केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड का मौसम 17 डिग्री से 24 डिग्री तक रहेगा। बता दें कि बारिश की संभावना 12 प्रतिशत की है, लेकिन हवा 24 किमी प्रति घंटे के अनुसार चलती रहेगी।



# पहली बार नीलामी में नजर आएंगी महिला ऑक्शनर, खूबसूरती से हर जगह लूट लेंगी महफिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल एक ऐसा मंच है जहां युवा खिलाड़ियों को अपने टेलैंट दिखाने का सुनहेरा अवसर मिलता है। बता दें कि आईपीएल के सफल होने के बाद बीसीसीआई ने पहली बार इस साल महिला प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए मंजूरी दी। 13 फरवरी 2023 को विमेंस प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी मुंबई में दोपहर 2:30 बजे होगी। बता दें कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में यह ऑक्शन शुरू होगा। पहले संस्करण की नीलामी के लिए बीसीसीआई (ँण्ण्घ्) ने एक ऐतिहासिक कद उठाते हुए महिला नीलामीकर्ता का चयन किया है। बोर्ड ने मुंबई की मलिका आडवाणी को नीलामीकर्ता के लिए चुना है। ऐसे में फैंस महिला आडवाणी को करीबी से जानने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। दरअसल, 13 फरवरी को विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन मुंबई में किया जाएगा, जहां नीलामी का संचालन मलिका आडवाणी करती हुई नजर आएंगी। बता दें कि मलिका आडवाणी मुंबई की रहने वाली है। वह मुंबई स्थित कला संग्रहकर्ता सलाहकार और आर्ट इंडिया कंसल्टेंट्स फर्म में बतौर पार्टनर काम करती हैं। मलिका की वायरल तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उनकी खूबसूरती किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं है। ऐसे में कल होने वाली नीलामी में मलिका आडवाणी लाइमलाइट लूटने वाली है। 'हर सेट के खत्म होने के बाद सभी फ्रेंचाइजियों को अपनी रणनीति की समीक्षा करने के लिए थोड़ा समय दिया जाएगा। कितना समय दिया जाना है यह ऑक्शन वहां पर बता देंगे। प्रत्येक ब्रेक के बाद खिलाड़ियों की नीलामी शुरू होने से 2 मिनट पहले वार्निंग घंटी बजेगी। हर ब्रेक के बाद खिलाड़ियों की नीलामी फिर से शुरू होगी। हर घंटे 10 मिनट का एक छोटा सा ब्रेक लिया जाएगा।'' महिला आईपीएल के पहले संस्करण में कुल 90 खिलाड़ियों पर पैसों की बौछार होगी। इस दौरान हर टीम को ऑक्शन पर्स में 12 करोड़ रुपए मिलेंगे। हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में कम से कम 15 से 18 खिलाड़ी खरीद सकती है। इनमें 7 खिलाड़ी विदेशी हो सकते है। प्लेइंग-11 में 5 विदेशी खिलाड़ी खेल सकेंगे, जिनमें एक एसोसिएट देश से होना जरूरी है।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये हैं भारत की जीत के 5 हीरो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हराया। भारत ने चार टेस्ट मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 91 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से रविचंद्र अश्विन ने पांच, जडेजा और शमी ने दो और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिए। इस मैच में भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा, रविचंद्र अश्विन, रविंद्र जेडजा, अक्षर पटेल और मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा अहम भूमिका निभाई। जिनके दमपर भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बढ़त बना ली है।भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले टेस्ट में शानदार बैटिंग की। अपनी शतकीय पारी की बदौलत वह भारत के पहले कप्तान बने जिन्होंने तीनों फॉर्मेट( टेस्ट, टी20 और वनडे) में बतौर कप्तान शतक लगाया। रोहित ने अपनी 120 रन की शतकीय पारी के दौरान 15 चौका और 2 शानदार सिक्स लगाए। उन्होंने 212 गेंद का सामना किया। टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा का यह 9वां शतक है, जबकि कंगारू टीम के खिलाफ पहला। नागपुर टेस्ट में रविचंद्र अश्विन ने 79 रन देकर कुल 8 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जल्दी ऑउट करने का श्रेय रविचंद्रन अश्विन को ही जाता है। उन्होंने दूसरी पारी में कंगारू टीम के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। अश्विन ने 12 ओवर में 37 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि पहली पारी में 42 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा बल्ले से 23 रन का योगदान दिया। चोट से रिकवर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में जब टीम इंडिया की बैटिंग लड़खड़ाई थी, उस वक्त जडेजा ने 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली। साथ ही अक्षर पटेल के साथ मिलकर 88 रन की साझदारी की। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, जिसमें पहली पारी में 47 रन देकर 5 विकेट और दूसरी पारी में 24 देकर 2 विकेट शामिल है।



# इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर्स का धूम-धड़ाका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में ऑलराउंडर्स का बोलबाला देखने को मिल रहा है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहली बार महिला क्रिकेटर्स की नीलामी का आगाज जारी है। इस ऑक्शन में इंग्लैंड की ऑलराउंडर नाट सिवर और ऑस्ट्रेलियाई टीम की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर पर पैसों की बौछार हुई है। दरअसल, दोनों खिलाड़ियों का बेस प्राइस 50 लाख रुपए था, जबकि दोनों को 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की मोटी रकम में खरीदा गया है। एश्ले गार्डनर को 3.20 करोड़, तो नाट सिवर को 3.2 करोड़ रुपए में खरीदा गया है। दरअसल, महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में इंग्लैंड की ऑलराउंडर नाट सिवर को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच जबरदस्त वॉर देखने को मिली और अंत में उन्हें मुंबई इंडियंस ने 3.2 करोड़ रुपए में खरीद लिया।



# टी-20 विश्व कप में भारत पाक का महामुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम आज यानी 12 फरवरी को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से अपने अभियान का आगाज करगी। बता दें कि भारतीय टीम की नजरें पहले खिताब को हासिल करने पर बनी हुई है, जिसके लिए हरमनप्रीत ब्रिगेड कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। अगर बात करें भारत-पाक महिला टीमों के टी-20 रिकॉर्ड्स की तो बता दें कि टीम इंडिया का रिकॉर्ड शानदार रहा है।भारतीय महिला और पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम टी-20 फॉर्मेट में कुल 13 बार आमने-सामने रही है, ऐसे में भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। कुल 10 बार भारत ने जीत हासिल की है, जबकि सिर्फ 3 बार पाकिस्तान को जीत मिली है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग-11 के बारे में। अगर बात करें पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में भारत के पहले मैच की तो बता दें कि ओपनिंग के लिए शेफाली वर्मा और यास्तिका भाटिया को खेलते हुए देखा जाएगा। बता दें कि शेफाली वर्मा और भाटिया से एक अच्छी शुरूआत की उम्मीदें है।



# क्या दूसरे टेस्ट में होगा शुभमन गिल की वापसी इस खिलाड़ी को बाहर कर सकते हैं कप्तान रोहित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच को भारत ने एक पारी और 132 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। इस जीत के बाद भारत ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बता दें कि पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के अलावा कोई बल्लेबाज कुछ खास पारी नहीं खेल पाया।जहां सलामी बल्लेबाज केएल राहुल रन बनाने में नाकाम रहे। तो वहीं, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव भी सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट गए। ऐसे में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कप्तान रोहित टीम में बदलाव कर सकते हैं। ये कयास लगाया जा रहा है कि शुभमन गिल को दूसरे टेस्ट में ओपनिंग का मौका मिल सकता है। ऐसे में उपकप्तान केएल राहुल क्या मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करेंगे आइये जानते है इस आर्टिकल के जरिए। दरअसल, भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल इस वक्त कुछ खास फॉर्म में नहीं चल रहे है। उनके बल्ले से रन बनाने काफी मुश्किल नजर आ रहा है। बता दें पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल ने महज 20 रन बनाए थे। ऐसे में दिल्ली के अरुण जटेली स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले ये कयास लगाया जा रहा है कि कप्तान रोहित केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को ओपनिंग के लिए उतार सकते हैं। लेकिन अगर शुभमन गिल ओपन करेंगे, तो केएल राहुल को मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए देखा जा सकता है।




# एलिस पेरी ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाली बनी दुनिया की तीसरी महिला खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 का तीसरा मुकाबला 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच पार्ल में खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 97 रनों से एकतरफा जीत मिली। एलिसा हेली भले ही मैच की रियल हीरो रही, लेकिन स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी (त्त्बेि झीब्) ने मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक इतिहास रच दिया। बता दें कि एलिस पेरी ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की पहली खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में 1500 रन के साथ ही 100 से ज्यादा विकेट हासिल कर लिए है। दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों पर कुल 40 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 181.81 रहा। इसके साथ ही उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल का परफॉर्म किया। दरअसल, विमेंस टी-20 विश्व कप 2023 के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी ने इतिहास रच दिया। बता दें कि एलिस पेरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने टी-20 में 1500 रनों से ज्यादा की पारी खेली और 100 से ज्यादा विकेट अपने नाम किए। अब तक महिला क्रिकेट में पाकिस्तान की निदा डार और सोफी डिवाइन ने यह कारनामा किया है। स्टार ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला एलिसे पेरी ने महिला टी20 विश्व कप इतिहास (36) में सबसे अधिक मैच खेले है। उनके अलावा बाद मेग लैनिंग (34) और सुजी बेट्स (32) मैच खेले हैं। ऐसे में अब एलिस पेरी के पास टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने के रोहित शर्मा के 39 रन के रिकॉर्ड को पार करने का भी मौका है। दरअसल, पार्ल के बोलेंड में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में महज 76 रन बनाकर आउट हो गई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में 97 रन से बड़ी जीत मिली। न्यूजीलैंड की टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज बिना कोई रन बनाए आउट हुए। वहीं, अमेलिया केर (21) रनों के अलावा हर कोई फ्लॉप रहा।





# राशिफल



**मेष-:**आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:**आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:**आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।


**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।


**मीन-:**आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# लेडी विराट स्मृति मंधाना हुई मालामाल,आर सीबी ने बनाया अब तक का सबसे महंगा खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहली बार महिला क्रिकेटर्स की नीलामी का आगाज हो गया है विमेंस प्रीमियर लीग के ऑक्शन की सबसे पहली बोली भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को खरीदने के लिए फ्रेंचाइजियों ने रुचि दिखी। बता दें कि स्मृति को खरीदने के लिए आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच जंग देखने को मिली और अंत में बाजी मारते हुए स्मृति को आरसीबीने अपने खेमे में शामिल किया। आइये जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए स्मृति पर आरसीबी ने कितने करोड़ की राशि में खरीदा।



# नागपुर में मिली शर्मनाक हार के बाद कंगारू टीम ने चली चाल, इस नए खिलाड़ी को टीम में दी जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट में एक पारी और 132 रनों की हार झेलनी पड़ी है। बता दें कि भारत के खिलाफ कंगारू टीम की यह तीसरी सबसे बड़ी हार रही। कंगारू टीम के सभी बल्लेबाज और गेंदबाज फ्लॉप रहे। ऐसे में दिल्ली में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले कंगारू टीम ने दमदार वापसी के लिए टीम में नए खिलाड़ी मैथ्यू कुहनेमैन को टीम में शामिल किया है। दरअसल, नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम सिर्फ दो स्पिनर्स के साथ मैदान पर उतरी थी। सिर्फ दो स्पिनर्स के होने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले कंगारू टीम ने मैथ्यू कुहनेमैन को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। बता दें कि मैथ्यू लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन की जगह टीम में शामिल हुए है। स्वेपसन ने पहला टेस्ट मैच नहीं खेला था, लेकिन वह जल्द ही पिता बनने वाले है, ऐसे में इसी वजह से वह अपने घर को रवाना हो गए है। बता दें कि 26 साल के मैथ्यू कुहनेमैन के बाएं हाथ के स्पिनर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है, लेकिन उनके पास 4 वनडे मैच खेलने का अनुभव है। बता दें कि इन मैचों में उन्होंने कुल 6 बल्लेबाजों को आउट किया था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट खेलने वाले कुहनेमैन के नाम 13 फर्स्ट क्लास मैच में 35 विकेट हैं।



# सम्पादकीय

## अंश को पूर्ण समझने की भूल खंडित विचार से राजनीतिक लाभ उठाने वालों से सामाजिक विभाजन का खतरा

तुलसीदास ने रामकथा पर आधारित रामचरितमानस सोलहवीं शताब्दी में लिखी थी। यह उत्कृष्ट काव्य है। करोड़ों हिंदू इसे धर्मग्रंथ जैसा सम्मान देते हैं। एक समय सूरीनाम, मारीशस, कंबोडिया और थाइलैंड आदि देशों में भारत से जाकर बसने वाले लोग रामचरितमानस की प्रतियां भी साथ ले गए थे। वहीं भारत में कुछ राजनेता मानस की कथित नारी अपमान एवं शूद्र संबंधी चौपाइयों को लेकर आक्रामक हैं। वे इसे जलाने या प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। शूद्र शब्द भी इस विवाद का हिस्सा है। उनके वक्तव्यों से सामाजिक विभाजन का खतरा है। वे अगड़े-पिछड़े के विभाजन में राजनीतिक अवसर तलाश रहे हैं। इस प्रसंग में डा. आंबेडकर की पुस्तक 'हू वर शूद्राज' यानी 'शूद्र कौन थे' के उदाहरण प्रासंगिक हैं। इस पठनीय पुस्तक में डा. आंबेडकर ने सृष्टि और शूद्रों के उद्भव के संबंध में भारतीय ग्रंथों और पाश्चात्य विद्वानों के विचार निरस्त किए हैं। उन्होंने आर्यों को नस्लवादी और आक्रांता मानने, दास और दस्यु को□ आर्यों से भिन्न मानने से इन्कार किया। आर्यों की श्वेत नस्ल और दास एवं दस्यु को अश्वेत नस्ल नहीं माना। आर्यों की दासों और दस्युओं पर विजय, विजय के बाद दास बनाने एवं उन्हें शूद्र बनाने की बात भी गलत बताई। आर्यों में रंगभेद की भावना और आर्यों द्वारा चातुर्वण्य का निर्माण भी नहीं माना। रंगभेद का खंडन करते हुए उन्होंने ऋग्वेद से उद्धरण दिए कि, 'आर्यों में रंगभेद नहीं था। कुछ गोरे थे। कुछ काले थे। श्रीराम और श्रीकृष्ण श्याम वर्ण के थे। ऋग्वेद के ऋषि दीर्घतमस और कण्व श्याम वर्ण के थे।' आंबेडकर के अनुसार शूद्र शब्द पहले किसी वर्ण या वर्ग का सूचक नहीं था, बल्कि एक गण या समूह का नाम था। भारत पर सिकंदर के आक्रमण पर इतिहासकारों ने लिखा है कि, 'यहां के स्वाधीन गणराज्यों में सौदरि नाम का गण था। सौदरि गण सिकंदर से लड़ा था।' डा. आंबेडकर ने महाभारत और पुराणों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें शूद्रों के गणसंघ का उल्लेख है। छांदोग्य उपनिषद में राजा जानश्रुति शूद्र थे। उन्होंने रैक्व ऋषि से वेदविद्या प्राप्त की थी। ऋग्वेद के एक ऋषि कवष ऐलूश शूद्र थे।' उन्होंने पूर्व मीमांसा के दार्शनिक जैमिनि, महाभारत, श्रौत सूत्र, कात्यायन श्रौतसूत्र आदि ग्रंथों का हवाला देते हुए लिखा है कि, 'शूद्र गण को सभी धार्मिक कर्मकांड करने के अधिकार थे।' शूद्र आर्य थे। शूद्र क्षत्रिय थे। आर्य समुदाय के अनेक प्रसिद्ध राजा शूद्र थे। डा. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में जाति उत्पत्ति पर शोध में लिखा, 'जाति धर्म का नियम मनु द्वारा प्रदत्त नहीं है और न ही वह ऐसा कर सकता था। ब्राह्मण कई गलतियां करने के दोषी रहे हों, मैं कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, किंतु जाति व्यवस्था को गैरब्राह्मणों पर लादने की उनकी क्षमता नहीं थी।' सभी प्राचीन ग्रंथ देश-काल और परिस्थिति के आधार पर लिखे गए। सैकड़ों वर्ष बाद उनके कुछ अंशों की संगति आधुनिक मूल्यों से भिन्न हो सकती है, मगर इसी आधार उन्हें खारिज नहीं कर सकते। बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तरनिकाय चक्कतुनिपात' में उल्लेख है कि, 'स्त्री वर्ग संतापी, ईर्ष्यालु और बुद्धिहीन है।' मार्क्सवादी चिंतक डा. रामविलास शर्मा ने इससे उद्धरण दिए हैं, 'भिक्षुओं में इस बात की संभावना नहीं है कि स्त्री सम्यक, संबुद्ध हो। ऐसी संभावना है कि पुरुष अर्हत, सम्यक, संबुद्ध हो।' ऐसे विचार आधुनिक काल के संगत नहीं हैं। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कुछ वाक्यों के आधार पर हम विख्यात बुद्ध दर्शन को खारिज कर दें। अंश के आधार पर पूर्ण का विवेचन नहीं हो सकता। विवेचन में देश-काल के प्रभाव का ध्यान रखना जरूरी होता है। महान संत कबीरदास के विचार काफी लोकप्रिय हैं। उनमें शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन है, लेकिन नारी के विषय में कबीर का कथन है, 'नारी नसावे तीनि सुख जा नर पास होई/भक्ति मुक्ति निज ज्ञान में पैसि न सके कोई।' अर्थात नारी किसी पुरुष की निकटता में तीन गुणों का नाश करती है। भक्ति, मुक्ति एवं ज्ञान की क्षति करती है। 'नारी कुण्डा नरक का बिरला थांबे बाग/कोई साधू जन उबरै सब जग मुअन लाग।' भी कबीर ने रचा है, जिसके अनुसार नारी नरक का कुआं है। विरले ही इससे बच पाते हैं। शेष इसमें गिरकर मर जाते हैं। ऐसे उद्धरण आधुनिक संदर्भ में किसी को भी अनुचित लग सकते हैं, किंतु कबीर का मूल्यांकन ऐसे उद्धरणों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उनकी निंदा भी नहीं की जा सकती। कबीर के तमाम दोहे एवं भजन प्रगतिशील विचारों से समृद्ध हैं।

## संदेह से परे हों न्यायिक नियुक्तियां न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी यह कल्पना से परे

न्यायिक नियुक्तियों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कलेजियम व्यवस्था बनाने और संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी के गठन को गैर-संवैधानिक घोषित करने के मुद्दे पर विवाद और विमर्श दोनों जारी हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायपालिका को न्यायिक लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन न करने की सलाह दी है तो कानून मंत्री ने न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट कलेजियम में केंद्र सरकार और उच्च न्यायालय कलेजियमों में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए पत्र भेजा। इससे कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य विवाद का संकेत गया, लेकिन इसे इन संस्थाओं के बीच संवाद के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एमसी छागला जब मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे तो उस दौरान वह तत्कालीन मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई के साथ न्यायिक नियुक्तियों पर सैद्धांतिक असहमति के बावजूद प्रतिमाह चाय या रात्रि भोज पर संवाद करते थे। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित क्यों नहीं किया जा सकता स्वतंत्रता तथा योग्यता के आधार पर निष्पक्ष



न्यायिक नियुक्तियों को लेकर देश में सर्वसम्मति है। संविधान निर्माताओं की ऐसी कोई मंशा नहीं थी न्यायिक नियुक्तियों में किसी एक संवैधानिक संस्था का एकाधिकार हो। डा. आंबेडकर कल्पना ही नहीं कर सकते थे कि न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी और जनता को बताएगी भी नहीं कि किस आधार पर उनका चयन हुआ और क्यों कुछ को अस्वीकृत किया गया कलेजियम प्रणाली से जिस तरह नियुक्तियां हो रही हैं, उससे जनता के मन में शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। संभव है कि वे शंकाएं निर्मूल हों, किंतु पारदर्शिता के अभाव में उन्हें बल मिलता है।

# राष्ट्रपति ने बदले 13 राज्यों के राज्यपाल, हिमाचल असम, झारखंड समेत इन राज्यों में हुई तैनाती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बड़ा फेरबदल किया। असम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल समेत 13 राज्यों के राज्यपाल और उप-राज्यपाल बदले गए हैं। राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस खबर में विस्तार से जानिए इनका परिचय- तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख नेता रहे सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उन्हें झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया। 65 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। कोयंबटूर संसदीय सीट से राधाकृष्णन दो बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। 48 वर्षों से आरएसएस व भाजपा से वह जुड़े रहे और तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बता दें कि राधाकृष्णन अखिल भारतीय कॉयर (नारियल के छाल से निकला फाइबर) बोर्ड के अध्यक्ष भी थे जो भारत सरकार के एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वहीं झारखंड के वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बता दें कि बैस को यह उनके बेहतर कार्य का पुरस्कार मिला है। वह भगत सिंह कोश्यारी का स्थान लेंगे, जिन्होंने नवंबर माह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रमेश बैस का राजनीतिक सफर निकाय चुनाव से हुआ था। वह अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में भी शामिल हो चुके हैं। बीजेपी ने 2019 में रमेश बैस को लोकसभा चुनाव का टिकट देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया था। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता






गुलाबचंद कटारिया को असम के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। वे आठ बार विधायक रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वह 'ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे।' गुलाब चंद कटारिया ने कहा, 'मेरी पार्टी ने हमेशा मुझ पर अपना भरोसा दिखाया है।' जब भी पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है, मैंने अपनी पूरी क्षमता से उसे निभाने की कोशिश की है।' वर्तमान में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह अनुसुइया उइके का स्थान लेंगे। छत्तीसग ़के नए राज्यपाल हरिचंदन की उम्र 84 साल की है और वे ओडिशा के भुवनेश्वर और चिल्का विधानसभा से 5 बार विधायक रह चुके हैं।' बता दें कि विश्व भूषण ने 1971 में जनसंघ के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था, जिसके बाद 1977 में जनता पार्टी गठित होने तक वे जनसंघ के आंध्र महासचिव रहे। इसके साथ ही हरिचंदन जनसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी रहे। वहीं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि मणिपुर की नई राज्यपाल अनुसुइया उइके मध्य प्रदेश से विधायक रह चुकी हैं, वह इसी राज्य में मंत्री पद पर रहीं थीं। उइके को राष्ट्रिय महिला आयोग की सदस्या भी रह चुकी हैं। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इससे पहले जब पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया था, तब गणेशन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला था। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व राज्यपाल और मेघालय के नए राज्यपाल फागू चौहान यूपी के 17वें विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले विधायक थे। फागू चौहान 1985 में पहली बार दलित किसान मजदूर पार्टी से विधायक बने थे, इसके बाद वह जनता दल में गए, बाद में वह बीएसपी में शामिल हुए और 2017 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव भी लड़े। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को बिहार के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। राजेंद्र आर्लेकर का जन्म 23 अप्रैल 1954 को गोवा के पणजी में हुआ था। उन्होंने एमईएस कॉलेज, वास्को डी गामा, गोवा से अपनी डिग्री पूरी की और प्राप्त की। आर्लेकर बचपन से ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से जुड़े थे। साल 1989 में आर्लेकर भाजपा में शामिल हुए। वह उस समय केवल 35 वर्ष के थे, जब उन्होंने राजनीति में आने निर्णय लिया। राजेंद्र आर्लेकर गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री और गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा को राष्ट्रपति ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में थ्उ नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीडी मिश्रा भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर हैं। उनसे पहले लद्दाख में राधा कृष्णन माथुर उपराज्यपाल थे। माथुर शनिवार को लेह स्थित अपने कार्यालय से कर्मचारियों को अलविदा कहकर चले गए थे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। वह राजेंद्र आर्लेकर का स्थान लेंगे। शिव प्रताप शुक्ला मौजूदा समय में राज्यसभा सांसद हैं। शिव प्रताप शुक्ल उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने 1989 में यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ा था। शुक्ल 4 बार विधानसभा सदस्य चुने गए। एक बार यूपी में मंत्री पद पर भी रहे। शिव प्रताप सिंह 2014-19 तक रही मोदी सरकार में मंत्री रहे हैं।लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। वह 2018 से सिक्किम के राज्यपाल रहे गंगा प्रसाद की जगह लेंगे। इस नियुक्ति पर उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लुक ईस्ट पॉलिसी के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों का विशेष महत्व है। यह दक्षिण एशिया के प्रवेश द्वार है, जिनसे हमारा गहरा सांस्कृतिक और भावनात्मक नाता है।

# हिंदी बिना संभव नहीं देश का उत्थान, बिना पूरी तरह उपयोग के नहीं हो सकता इस भाषा का विकास

इस बार फिजी की राजधानी सुवा में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह 15 से 17 फरवरी तक चलेगा। हिंदी भाषा का यह सबसे बड़ा सम्मेलन है, जिसमें




विश्व भर के हिंदी प्रेमी एकत्रित होते हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जाने की परंपरा 1973 में राष्ट्रीय भाषा प्रचार समिति, वर्धा द्वारा प्रारंभ की गई थी। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी को प्रचारित एवं प्रसारित करना है, जिससे हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित किया जा सके। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का तीसरा स्थान है, फिर भी हिंदी को वह स्थान नहीं मिला, जिसकी वह अधिकारी है। कहने को तो हिंदी सिर्फ एक भाषा है, परंतु वास्तव में यह भारत की पहचान है। यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं बोली जाती, बल्कि गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद, फिजी, मारीशस, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर में भी यह अधिकांश लोगों की बोलचाल की भाषा है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के साथ ही हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत के अलावा विश्व भर के 40 से अधिक देशों में 600 से अधिक विद्यालयों/महाविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई और सिखाई जाती है। जर्मनी के स्कूलों में तो हिंदी पढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने जर्मन सरकार से समझौता भी किया है और वहां पर जर्मन हिंदी रेडियो सेवा संचालित है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी के विकास और इंटरनेट की सुगम उपलब्धता के कारण हिंदी का भले ही प्रसार बढ़ा है, लेकिन अब भी यह प्रसार उस स्तर तक नहीं पहुंचा है जहां इसे होना चाहिए था। अगर हम हिंदी के लिए चलाए गए आंदोलनों और प्रयासों की तरफ देखें तो खुद गांधीजी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना चाहते थे। 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी को जनमानस की भाषा बताते हुए इसे राष्ट्रभाषा बनाने का सुझाव भी दिया था। गांधीजी से पहले राममोहन राय, केशवचंद्र सेन, बंकिमचंद्र चटर्जी और मदन मोहन मालवीय सहित तमाम महापुरुषों ने हिंदी की पुरजोर पैरवी की थी। भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। भारतीय संविधान में उल्लेख है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। डा. राममनोहर लोहिया ने पिछली सदी के सातवें दशक में यह प्रस्ताव रखा था कि 'गर्मी की छुट्टियों में अध्यापकों को अनुवाद के काम में लगा देना चाहिए, ताकि हिंदी की किताबों को फटाफट तैयार किया सके। शिक्षा जैसे ही अंग्रेजी के शिकंजे से निकलेगी, ज्ञान के लोकतंत्रीकरण का मार्ग खुल जाएगा, भारतवासियों की प्रतिभा प्रस्फुटित हो उठेगी।' डा. लोहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अंग्रेजी को हटाना है अदालतों से, सरकारी दफ्तरों से, हिंदुस्तान के हर एक सार्वजनिक काम से ताकि हिंदुस्तान का हर एक सार्वजनिक कार्य अपनी मातृभाषा के माध्यम से हो सके। हिंदी हिंदुस्तान की भाषाओं की बहन है, चाहे बड़ी बहन ही सही। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान केंद्र सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के कुछ पाठ्यक्रम हिंदी में अनुवाद करा कर लागू किए हैं। हिंदी के विकास के लिए यह वाकई स्वागतयोग्य कदम है। यह बात सही है कि भारत जैसे बहुआयामी देश के विद्यार्थी जब अपनी भाषा में पढ़ाई करेंगे, तभी लोगों की समस्याओं को ठीक प्रकार से समझ पाएंगे और उनकी सच्ची सेवा कर सकेंगे। मातृभाषा में व्यक्ति सोचने, समझने, अनुसंधान, तर्क एवं कार्य और अच्छे ढंग से कर सकता है। कई शोध इसकी पुष्टि करते हैं। ऐसे में, हिंदी में चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ होने से देश में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निःसंदेह ग्रामीण परिवेश एवं मध्य वर्ग के हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा एवं तकनीकी पढ़ाई सुगम हो जाएगी, क्योंकि उन्हें चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकों में अंग्रेजी भाषा के कठिन शब्द समझने में कठिनाई होती है। भारतीय छात्र अपनी मातृभाषा में चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा का अध्ययन करके निःसंदेह अपनी प्रतिभा का और अच्छी तरह प्रदर्शन कर पाएंगे। चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग की शिक्षा के पश्चात विज्ञान, वाणिज्य एवं न्याय की शिक्षा भी मातृभाषा में होनी चाहिए। इस कदम से न केवल हिंदी की उन्नति होगी, बल्कि भारत विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। आज भारत एक वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है, विश्व के लिए एक मुख्य बाजार भी है और यह बाजार हिंदी भाषियों से प्रभावित है। विदेशी कंपनियों को भी यह भलीभांति समझ आ गया है कि अगर इस बाजार में हिस्सेदारी चाहिए तो यहां की भाषा में बात करनी होगी। उन्हें मालूम है कि भारत में अगर टिके रहना है तो यहां की भाषा सीखकर ही आगे बढ़ सकते हैं। इसलिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बड़े-बड़े अधिकारी भी अब हिंदी सीख रहे हैं। किसी को भी अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विश्व में वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति को सहेजा है, संवारा है तथा उसे अपनाया है। भले ही भारत एक बहुभाषीय देश है, जिसमें समृद्ध भाषाओं की एक लंबी सूची है, जिनका साहित्य पुरातन एवं वैभवशाली है। बावजूद इसके इनका क्षेत्र सीमित है। जबकि हिंदी का विस्तार राज्यों की सीमाओं से परे अंतरराज्यीय से होते हुए अंतरराष्ट्रीय है। हमें यह समझने की जरूरत है कि हिंदी के बिना देश का उत्थान संभव नहीं है और जब तक हम हिंदी का उपयोग पूरी तरह से नहीं करेंगे, तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जुंआ खेलने वाले 7 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना फेस 2 पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले अभियुक्तों 1. खुर्शीद पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम जमींदार पुरा थाना बागरमऊ जिला उन्नाव वर्तमान पता मस्जिद वाली गली नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर 2. अफसर अली पुत्र शमशेर अली निवासी ग्राम जमींदार पुरा थाना बागरमऊ जिला उन्नाव वर्तमान पता बच्चन खारी का मकान ग्राम इलाहाबास थाना फेस 2 गौतमबुद्धनगर 3. निजामुद्दीन पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम जमींदार पुरा थाना बागरमऊ



जिला उन्नाव वर्तमान पता शौकीन भाई का मकान मस्जिद वाली गली ग्राम नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर 4. सुफियान पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम जमींदार पुरा थाना बागरमऊ जिला उन्नाव वर्तमान पता मस्जिद वाली गली नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर 5. आजम पुत्र शमसुद्दीन निवासी ग्राम रतनगंज थाना तम्बोर जिला सीतापुर वर्तमान पता सलीम का मकान मस्जिद वाली गली ग्राम नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा 6. सद्दाम पुत्र शमसुद्दीन निवासी ग्राम रतनगंज थाना तम्बोर जिला सीतापुर वर्तमान पता सलीम का मकान मस्जिद वाली गली ग्राम नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा 7. इन्द्रेश पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम गुसियाना थाना लहरपुर जिला सीतापुर वर्तमान पता सलीम का मकान मस्जिद वाली गली ग्राम नगलाचरनदास थाना फेस 2 नोएडा को ग्राम नगलाचरण दास मस्जिद वाली गली में सलीम के मकान के पास से गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से कुल 9330 रूपये एवं 52 ताश के पत्ते बरामद।

### इंडियन आर्मी का 60 पैराफील्ड अस्पताल तुर्कीये के लिए बना वरदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तुर्कीये और सीरिया में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई हुई है। अब तक भूकंप से मरने वालों की संख्या 28000 के पार हो चुकी है। दोनों देशों की मदद के लिए दुनिया के कई देश आगे है। इसी कड़ी में भारत भी शामिल है। भारत ने हर समय आपदा से प्रभावित होने वाले किसी भी देश में, संकट में, युद्ध में सबसे पहले मदद पहुंचाई है। भारत में जरूरी सामान के साथ राहत बचाव के टीम तुर्कीये और सीरिया में भेजी है। भारतीय सेना का 60 पैराफील्ड अस्पताल की यूनिट ने तुर्कीये और सीरिया के भूकंप से बचे लोगों की निःस्वार्थ सेवा के लिए दुनिया भर से सराहना प्राप्त की है।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को तलाशने के लिए श्रेष्ठ प्लेटफार्म है क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** के ग्राम गोबरिया में श्रीकांत चतुर्वेदी फैंस क्लब द्वारा आयोजित क्षेत्रीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब रिगरा ने जीतकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया इसके साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा श्रीकांत चतुर्वेदी के कर कमलों से उसे ?11000 नगद धनराशि का पुरस्कार भी हासिल हुआ त् दूसरी ओर विरोधी टीम तिलौरा को 5100 नगद और उपविजेता ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा त् इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और उन्हें तलाशने के लिए क्षेत्रीय आयोजन सबसे बढ़िया प्लेटफार्म हैं उन्होंने आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया त् श्री चतुर्वेदी ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की त् इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामानंद पटेल, कुलदीप तिवारी,दीपू भैया, अंकित सोनकिया,सुबोध मिश्रा,सूर्य प्रकाश चौरसिया,पार्षद जितेंद्र पांडे,मनीष पाठक, प्रमोद सिंह,संतोष पांडे राजा भैया, दीपक पांडे, गिरीश पटेल, नरेन्द्र सिंह, प्रेमलाल सिंह, प्रमोद शुक्ला, रामधनी गौतम, कोदू लाल कुशवाहा, भीमसेन तिवारी, सूरजपाल कोल, अयोध्या प्रसाद,मनोज त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी,शिव प्रसाद विश्वकर्मा, मणिलाल तिवारी, हेमराज गौतम, गणेश त्रिपाठी, गंगा सिंह, सुखेन्द्र नट, प्रिंस द्विवेदी,शमशेर खान पप्पू मिस्त्री,सावन जयसवाल, श्रीनिवास चतुर्वेदी, अरुण चौरसिया,राहुल शर्मा,रवि चौरसिया,कृष्णा दुबे,पंकज पांडे,राकेश विश्वकर्मा, इंद्रमणी सिंह, रफीक खान, देवराज सिंह, राजू कोल,राजू रजक सहित नगर एवं ग्रामीणों अंचल के तमाम प्रबुद्ध जनों के साथ खेल प्रेमी दर्शक गण उपस्थित रहे।



# मोहन भागवत के विरुद्ध कारवाही की मांग को लेकर अ0भा0ब्रा0 महासभा उतरेगा सड़कों पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा की अध्यक्षता में आज एक आपातकालीन बैठक आहूत हुई आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत ने ब्राह्मणों पर एक आपत्ति जनक टिप्पणी कर ब्राह्मण समाज को ठेस पहुंचाई थी।यही नहीं कुछ दिन पहले स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्री राम महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी / उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपेंगे। विपरीत परिस्थितियों में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महा सभा करेगा विशाल



जिसके अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर शर्मा सहित प्रदेश महामंत्री परमानन्द शर्मा, एडवोकेट रामवीर शर्मा नरेन्द्र राम, राम चन्द शर्मा, राम कुमार शर्मा, रतन पीर शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, अखिल शर्मा सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। वही बैठक के दौरान सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 फरवरी को आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत के विरुद्ध करवाई की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौपा जायेगा। ज्ञातव्य होगा कि संत रविदास जयन्ती के अवसर पर महाराष्ट्र में हुए एक कार्यक्रम के दौरान पहुँचे चरित मानस व गोस्वामी तुलसी दास पर की गई टिप्पणी भी की गई थी। जिससे आक्रोषित हुई समस्त ब्राह्मण समाज मोहन भागवत के विरोध में सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं और इसी क्रम में ब्राह्मण समाज के बृहत संगठन अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर सम्पूर्ण देश के सभी प्रदेश अध्यक्षो, जिला, नगर अध्यक्ष को निर्देशित किया गया था जिसमें कहा गया था कि आगामी 14 फरवरी को आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत के विरुद्ध करवाई कि मांग को लेकर सभी जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष यूथ एवं महिला विंग धरना-प्रदर्शन। इसी क्रम में आज जिला गौतम बुद्ध नगर की नगर इकाई द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए यह तय किया गया कि आगामी 14 फरवरी को मोहन भागवत के विरुद्ध करवाई कि मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी / उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपेंगे वही विपरीत परिस्थिति में धरना प्रदर्शन भी करेंगें। इस दौरान गायत्री तिवारी, विनोद शर्मा, सुरेश चन्द शर्मा, दीपक शर्मा रूप किशोर शर्मा, शिवमोहन शर्मा, विनोद शर्मा ज्ञानेन्द्र शर्मा, मांगेराम शर्मा, डा.धनेश शर्मा , कृष्णराम शर्मा व विक्रमपाल आदि उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार डस्टर कार डिवाइडर से टकरा कर पलटी युवती की मौत पांच घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** के सेक्टर 24 थाना स्थित एलिवेटेड रोड पर देर रात तेज रफ़्तार कार की स्पीड तेज़ होने की वजह से कट मारते वक़्त कार अनियंत्रित हो के डिवाइडर से टकरा कर पलट



का क़हर देखने को मिला जब तेज रफ़्तार डस्टर कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में एक लड़की की मौक़े पर मौत हो गई । इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं। एलिवटेड रोड पर आए दिन तेज रफ़्तार की वजह से हादसे होते रहते है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि देर रात गिझौड रेड लाइट के उपर एलिवेटेड रोड पर डस्टर गई। जिसमे सवार एक युवती भूमिका जादौन निवासी ग्वालियर उम्र 25 जो यूनिवो कंपनी में काम करती थी, की मृत्यु हो गई। अन्य घायल युवक रोबिन, प्रभाष, अर्पित, अभिषेक व युवती श्वेता को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतका के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया गया है।

# बका लहराने वाले के विरुद्ध थाना देहात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** पुलिस अधीक्षक सतना के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना एवं एस.डी.ओ.पी. मैहर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध रूप से बका लेकर लहराने वाले आरोपी के विरुद्ध की कार्रवाई दिनाकं 11/02/2023 को जरिए मुखबीर सूचना मिली कि नादन पुराने थाने के पास एक व्यक्तित्व का लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है सूचना की तस्दीक पर तत्काल मौके पर रवाना होकर देखा तो मुखबीर के बताएं पुलिया का एक व्यक्ति बका लेकर दिखाई दिया जो आने वाले जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था पुलिस को देख कर बता छिपाने का प्रयास करने लगा जिसे समक्ष गवाह आन मैं हमराही स्टाफ की मदद से गिरफ्तार किया जा कर तलाशी ली गई तो तो दौरान तलाशी उक्त आरोपी के पास एक बका पेंट में खोंसे मिला आरोपी का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संदीप कुमार रघुवंशी पिता पुष्पराज उर्फ शिव कुमार रघुवंशी निवासी अमिलिया थाना बघेरा का होना बताया आरोपी उपरोक्त का यह कृत्य धारा 25 (ँ) आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध थाना देहात में अपराध क्रमांक 54/23 धारा 25(ँ) आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया सराहनीय भूमिका निरी. पी.सी. कोल थाना प्रभारी थाना देहात , प्र.आर. 103 रवि सिहं , आर. 864 संजय यादव , थाना देहात जिला सतना (म.प्र.)।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर मैं छात्रों ने किया ताला बंद हड़ताल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** लगभग दो दिवस पहले से आक्रोशित छात्रों ने विद्यालय में ताला बंद कर कर दिए हड़ताल विद्यालय के प्रिंसिपल और कुछ टीचरों ने छात्रों से छुआछूत जैसी अभद्र टिप्पणी की थी एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर में अभद्रता को लेकर प्रिंसिपल के खिलाफ सभी छात्र हड़ताल पर मौके पर आज 11 फरवरी 2023 को सभी छात्र व छात्राओं के परिजन व मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा व तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह विद्यालय प्रिंसिपल एसपी मिश्रा चौकी प्रभारी संतोष सिंह उलाड़ी सहित भारी संख्या में परिजन विवाद के मामले में हो रही बैठक जिसमे एक छात्र के माता ने यहां की समस्याओं को लेकर ऐसी भड़की की जातिगत टिप्पड़ियों के मामले पर यह कहा गया कि जब टीचरों कोअम्बेडकर जी और बच्चों से छुआ छूत पर जब अप्पति है तो हरिजन आदिवासियों की हास्टलों में अदर कास्ट के प्रिंसिपल व टीचर को हटाकर आदिवासी व हरिजन समाज के लोगो के टीचर प्रिंसिपल को रखना चाहिए। देखते देखते मामला इतना तूल पकड़ता जा रहा है कि परिजन मैहर एसडीएम की बात को भी नकारते नजर आ रहे है, बच्चे जिस तरह विद्यालय गेट पर धरने पर बैठे है उससे ये समझ मे आ रहा है कि काफी समय से विवाद आज बड़ा तूल पकड़ लिया है। वही मिली जानकारी अनुसार जब बच्चों ने बेतुकी बातों व विवादों पर आवाज उठाना सुरु किये तो अन्य टीचरों को टारगेट करते हुए किसी न किसी बातों पर नोटिस काटते नजर आए, एक तरफ विकास यात्रा में सभी व्यस्त है वही दूसरी तरफ एकलव्य विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है जब कि अब लगता है सतना कलेक्टर के बिना मामला शांत नही होते दिख रहा है।



# प्रेम के जाल में फंसाने वाली महिला फंसी पुलिस की जाल में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रही एक शातिर महिला बदमाश को थाना सेक्टर 49 पुलिस



ने गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला सोशल साइट पर नवयुवकों को अपनी दोस्ती के जाल में फंसाती थी। इसके बाद महिला युवकों को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर देती थी और अपने साथियों की मदद से घर में रखी नकदी व जेवरात लेकर चंपत हो जाती थी। थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पश्चिम बंगाल निवासी पूनम महतो को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रही थी। पूनम महतो अपने साथियों के साथ मिलकर सोशल मीडिया साइट के माध्यम से ऐसे युवकों को तलाशती थी जो महिलाओं व युवतियों से दोस्ती करने के इच्छुक होते थे। इसके बाद पूनम महतो उनसे फोन पर संपर्क कर उनसे दोस्ती गांठ लेती थी। युवक जब उसे मिलने के लिए अपने फ्लैट या कमरे पर बुलाता था तो वह मुलाकात के दौरान युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर देती थी और घर में रखा नगदी व जेवरात को लेकर रफूचक्कर हो जाती थी। पूनम महतो व उसके साथियों ने इस तरह की कई वारदातों को पूर्व में अंजाम दिया था। इस मामले में पूनम महतो के दो साथी फिलहाल जेल में बंद है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

# ग्राम पं कोरवारा में विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**उचेहरा।** क्षेत्र के कोरवारा में विद्युत विभाग लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है विद्युत तार विगत कुछ सालो से जर्जर हो गई है, लेकिन हो गए हैं लेकिन विभाग के संबंधित अधिकारी देखने तक नहीं आते। लोगों का कहना है कि कोई घटना होती है तो विभाग के अधिकारी रात में कभी फोन नहीं उठाते, यहां




विभाग के अधिकारी मौन हैं।विद्युत विभाग के लगी तार जमीन 5 से 6 फीट की ऊंचाई पर है लेकिन अब तक किसी अधिकारी और कर्मचारी के द्वारा यहां का न सर्वे किया गया ना जांच किया गया। विद्युत विभाग की लापरवाही दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कोरवारा में चारों तरफ विद्युत तार और विद्युत पोल जर्जर पर बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों द्वारा यह बताया गया कि हम लोगों के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से लगातार शिकायत की जा रही है कि कोरवारा पंचायत में विद्युत तार और पोल जर्जर हो गए हैं लेकिन विभाग के संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं देते बड़े हादसे का कर रहे हैं इंतजार।

# भाजपाइयों ने पं दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भाजपा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। समर्पण उनकी प्रत्येक सोच समाज के उत्थान के लिए थी, उनकी सोच थी कि समाज के सबसे निर्बल व्यक्ति के साथ किसी काम की शुरुआत अगर व्यक्ति तक ले जा कर हम भी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। महामंत्री उमेश त्यागी ने कहा कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति दयाल उपाध्याय के विचारधारा से प्रेरित है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने जिस विचारधारा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, उस




दिवस कार्यक्रम सभी मंडलों में मनाया गया। कृष्णा नगर मंडल में जिला प्रभारी बसंत त्यागी रहे। उन्होंने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। महाराणा प्रताप मंडल में अध्यक्ष मनोज गुप्ता और सतेंद्र सिसोदिया रहे। समर्पण दिवस के रूप में पार्टी हर बूथ पर इस कार्यक्रम को बना रही है जहां सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करी। इस मौक़े पर बसंत त्यागी ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने राजनीतिक के साथ-साथ समाजिक इतिहास को भी बदलने का प्रयास किया। न की जाए तो यह समाज नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा कि आज उसी आत्म मानववाद की सोच के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर योजना बन रही है। मनोज गुप्ता ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की पूरी जीवन यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि अपने आप में एक दर्शन है। उनके विचारों को समझने के लिए उनके दर्शन को समझना होगा और उन्हें पढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रशासन एवं विकास कार्य, पं. दीन दयाल उपाध्याय के विचार दर्शन पर आधारित है। उसके लाभ अंतिम तक सरकार की हर योजना पहुंचे और समाज का हर व्यक्ति अपने आप को शासन में सम्मलित माने, ऐसी विचारधारा वाले पंडित दीन दयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि, तभी होगी जब उनके विचारों को हर घर तक पहुंचाया जाए। मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर ने कहा कि आज अगर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के छाया के रूप में किसी को देखते हैं, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उनकी हर योजनाएं चाहे वह उज्जवला योजना हो, सुकन्या योजना हो या अन्य कोई भी योजना पंडित दीन विचारधारा को स्थापित करने का प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। इस मौक़े पर उमेश त्यागी, गिरिजा सिंह, तन्मय शंकर, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, बबलू यादव, सूरज पाल राणा, अशोक मिश्रा, लोकेश कश्यप, पंकज झा, कल्लू सिंह, राम मेहर कौशिक, देदेविंद्र शर्मा, निर्मल सिंह, ओमपाल राणा, अजीत पांडे, गौतम शर्मा, मांगेराम, सुनीता शर्मा, प्रदीप शर्मा, अनिल पेसावरिया, अमरजीत दास, राजकुमार चौहान एवं समस्त मंडल के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 40 लाख का सूटकेस लेकर जाएंगे एमसी स्टैन राखी सावंत ने ग्रैंड फिनाले पर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राखी सावंत इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर




चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनके और उनके पति आदिल के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस बीच बिग बॉस के फिनाले पर भी राखी की नजर है। बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट राखी सावंत ने कंटेस्टेंट राखी सावंत ने बिग बॉस के विनर पर बात करते हुए एमसी स्टेन को सलाह भी दे दी है। राखी की एमसी स्टेन को सलाह राखी सावंत ने शनिवार को पैपराजी से बात करते हुए एमसी स्टेन को 40 लाख रुपए का बैग ले जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, 'एमसी स्टेन को 40 लाख का बैग लेकर भाग जाना चाहिए।' राखी के लिए ये हैं शो के विनर्स राखी ने ग्रैंड फिनाले पर बात करते हुए बताया कि उनके लिए शो के विनर्स प्रियंका, शिव और शालिन हैं। उन्होंने कहा कि, 'मेरे हिसाब से तीन लोगों को फिनाले में होना चाहिए, प्रियंका शिव और शालिन। ये तीनों ही विनर हैं मेरे लिए।'2021 में हुए बिग बॉस 14 के फिनाले में पहुंचने से पहले राखी के सामने मनी बैग का ऑप्शन आया था। जिसे चुनकर उन्होंने 14 लाख रुपए लेकर शो को अलविदा कह दिया था। राखी अपने कारनामों से शो में काफी पॉपुलर भी रही थीं। बिग बॉस का ग्रैंड फिनाले रविवार 12 फरवरी को शाम 7:00 बजे से शुरू होगा। इसमें कई प्रतियोगी परफॉर्म करते भी नजर आएंगे। इसके पहले उनके प्रोमो की झलक भी जारी की गई है। इसमें कई लोगों को परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही शालिन ने अपने अगले शो खतरों के खिलाड़ी के लिए भी अपनी सीट बुक कर ली है। चैनल के ऑफिशियल अकाउंट से खतरों के खिलाड़ी के पहले कंटेस्टेंट के रूप में शालिन की घोषणा कर दी गई है।

# छड़ी के सहारे चलते दिखे आमिर खान, एक्टर को यह फोटो धड़ल्ले से हो रही वायरल


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान ने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया है। बड़े पर्दे पर दिखने से दूरी बनाने के शामिल हुए थे। इस स्टार स्टडेड वेडिंग में 'लाल सिंह चड्ढा एक्टर आमिर खान का एक फोटो धड़ल्ले से वायरल हो रहा ह शादी से



बाद अभिनेता सोशल मीडिया गैदरिंग्स को लेकर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्हें एक शादी समारोह में देखा गया, जहां इंडस्ट्री के तमाम सितारे मौजूद रहे। इस शादी के कई वीडियो सामने आ चुके हैं लेकिन आमिर खान की एक तस्वीर ने लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा खींचा है यह शादी थी वॉल्ट डिजनी कंपनी इंडिया और स्टार इंडिया के प्रेसिडेंट के माधवन के बेटे की। यह शादी जयपुर के रामबाग पैलेस में हुई थी, जिसमें अक्षय कुमार, मोहनलाल, पृथ्वीराज सुकुमारन समेत फिल्म इंडस्ट्री के कई ए लिस्ट एक्टर्स जुड़ी तमाम तस्वीरों में एक तस्वीर ऐसी है, जिसमें आमिर खान वॉकिंग स्टिक लिए खड़े हैं। उनकी यह तस्वीर धड़ल्ले से वायरल हो रही है। इस वेडिंग में आमिर साउथ के ट्रेडिशनल एथनिक वियर में नजर आए। उन्होंने सफेद रंग की धोती और क्रीम कलर का कुर्ता पहना था इसी शादी में अक्षय कुमार ने साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के सुपरस्टार मोहनलाल भी शामिल हुए। उन्होंने भांगड़ा डांस किया, जिसका वीडियो अक्षय कुमार ने शेयर करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# बिग बॉस 16 विनर हुए शिव ठाकरे'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 से आखिरकार वह घड़ी आ गई, जब इस सीजन में विनर के नाम की मानी जा रही है। बहरहाल, कौन विनर होगा और कौन फर्स्ट या सेकेंड रनरअप इसका खुलासा अब से कुछ ही घंटों में हो जाएगा। लेकिन



घोषणा होगी। ट्रॉफी के लिए शिव ठाकरे, शालीन भनोट, एमसी स्टैन, प्रियंका चौधरी और अर्चना गौतम में कड़ी टक्कर है। हालांकि, शिव, प्रियंका और स्टैन के बीच इस सीजन को जीतने की दावेदारी ज्यादा इससे पहले शिव ठाकरे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देख उनके फैंस खुशी से झूम उठ सकते हैं। शिव ठाकरे के फैंस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है कि यह सीजन वह ही जीतें। उनके लिए न सिर्फ भारी मात्रा में वोट किए गए, बल्कि सड़कों पर रैली भी निकाली गई, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को उनसे जोड़ा जा सके। सोशल मीडिया पर 'विजय भव शिव ठाकरे' तक ट्रेंड करने लगा। जिस तरह से शिव ठाकरे की लोकप्रियता और फैंस का उनके लिए प्यार बढ़ता जा रहा है, उसे देख यह कहना गलत नहीं होगा कि यह सीजन वह जीत सकते हैं। इस बीच उनसे जुड़ा बिग बॉस का ही एक वीडियो वायरल हो रहा है।यह वीडियो बिग बॉस मराठी के दूसरे सीजन का है। यह वह सीजन है जिसे शिव ठाकरे ने जीता था। वायरल हो रहे वीडियो में महेश मांजरेकर एक तरफ शिव और दूसरी तरफ नेहा शितोले का हाथ थामे खड़े हैं। कुछ ही पल में वह यह घोषणा कर देते हैं कि विनर शिव ठाकरे हैं। यह सुनते ही शिव हक्के-बक्के रह जाते हैं। हर तरफ तालीयों को गड़गड़ाहट गूंजने लगती है। शिव ठाकरे को न सिर्फ फैंस का वोट है, बल्कि सेलेब्स भी उन्हें जिताने के लिए फुल सपोर्ट में आ गए हैं। रणविजय सिंघा से लेकर प्रिंस नरुला तक, शिव को कई नामी चेहरों ने सपोर्ट किया है। एमटीवी इंडिया पर टीवी होस्ट निखिल चिनपा ने भी शिव ठाकरे को जिताने के लिए उन्हें अपना सपोर्ट दिया।

# सिद्धार्थ-कियारा की रिसेप्शन में हुई ऊप्स मोमेंट का शिकार, फैंस ने बताया- बॉलीवुड की उर्फी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिशा पाटनी को सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा



आडवाणी की वेडिंग रिसेप्शन में स्पॉट किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने सिमरी थाई हाई स्लिट गाउन पहन रखा था। उनके बाल खुले हुए थे। उन्होंने हाई हिल्स भी पहन रखी थी। हालांकि, उनके कपड़ों को देखकर पता चल रहा था कि वह भी कंफर्टेबल नहीं है और जब वह वॉक कर रही थी, तब एक हाथ से ड्रेस को संभालती नजर आ रही थी। फोटोशूट के दौरान भी उनके चेहरे पर असहजता का भाव देखा जा सकता है। फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'दिशा पाटनी सिद्धार्थ मल्होत्रा कियारा आडवाणी की वेडिंग रिसेप्शन पर।' उनकी वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 15 घंटे में 47 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, वीडियो पर 270 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं कई लोगों का ध्यान दिशा पाटनी की अनकंफर्टेबल ड्रेस पर भी गया है। कई लोगों ने लिखा है, 'शादी के रिसेप्शन में ऐसी ड्रेस पहन कर क्यों आई है।' एक ने लिखा है, 'इन्होंने शादी के रिसेप्शन को स्विमवियर कैलेंडर लॉन्च समझ लिया।' एक ने लिखा है, 'वह शादी के रिसेप्शन में आई है या मेट गाला में।' एक ने लिखा है, 'यह कभी भी थाई दिखाने बिना नहीं रह सकती। यह बॉलीवुड की उर्फी है। कोई बड़ी बात नहीं टाइगर श्रॉफ में उससे ब्रेकअप कर लिया।' एक ने लिखा है, 'अगर ड्रेस पहनकर अनकंफर्टेबल रहो तो क्या मतलब है ड्रेस का?' एक ने लिखा है, 'यह बहुत अनकंफर्टेबल है।' कई लोगों ने उन्हें डफर भी बताया है। एक ने लिखा है, 'डफर किस तरह की एक्ट्रेस है यह।' दिशा पाटनी ने हाल ही में जॉन अब्राहम के साथ फिल्म में काम किया था। वह एक विलन रिटर्न में नजर आई थी। वह जल्द कई फिल्मों में नजर आने वाली है।

# का मुंबई के इस ग्रैंड होटल में होगा वेडिंग रिसेप्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड का मोस्ट फेवरेट कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने 7 फरवरी



को मुंबई से दूर जैसलमेर के सूर्यगढ़ फोर्ट में सात फेरे लिए थे। इस कपल ने शाही अंदाज में शादी रचाई थी, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं अब फैंस को इसने ग्रैंड रिसेप्शन का इंतजार कर रहे हैं। जो आज मुंबई में होने जा रहा है। आइए आपको बताते पूरी डिटेल्स।सिद्धार्थ-कियारा रविवार यानी 12 फरवरी को मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन होस्ट कर रहे हैं, जिसमे उनके दोस्त और फिल्मी सेलेब्स शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, सिद्धार्थ-कियारा के रिसेप्शन में रोहित शेट्टी, करण जौहर, शाहिद कपूर, वरुण धवन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, मनीष मल्होत्रा, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, परिणीति चोपड़ा, जूही चावला, अनिल कपूर, अजय देवगन, काजोल और रकुल प्रीत सिंह के शामिल हो सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की रिसेप्शन पार्टी मुंबई के होटल में होने वाली है। यह होटल मुंबई के सबसे लग्जरी होटलों में से एक है। आज रात लगभग 8:30 बजे से पार्टी शुरू हो जाएगी। बीते दिनों सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ और कियारा का रिसेप्शन कार्ड भी वायरल हुआ था। इसपर फाइव स्टार होटल सेंट रेजिस का नाम लिखा हुआ था। 9 फरवरी को इस कपल ने दिल्ली में अपने क्लोज फ्रेंड्स के लिए एक स्पेशल पार्टी रखी थी। इस दौरान कियारा के भाई मिशाल भी शामिल हुए थे। हाल ही में कियारा ने अपनी वेडिंग का वरमाला सेरेमनी वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें कियारा ने फिल्मी अंदाज में ब्राइडल एंट्री लेती नजर आई थीं। इस मौके पर कियारा ने डांस भी किया था। इस वीडियो को फैंस ने खूब पसंद भी किया।

# बिग बॉस से एलिमिनेट होते ही बदल गई सुम्बुल तौकीर की जिंदगी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 12 फरवरी की शाम 7 बजे बिग बॉस 16 का सबसे महत्वपूर्ण दिन यानी कि ग्रैंड फिनाले



टेलीकास्ट किया जाएगा। आज की शाम कई दिनों से चल रही विनर के नाम की हलचल पर पूर्ण विराम लग जाएगा जब देश के 16वें विनर के नाम की घोषणा सलमान खान करेंगे। फैंस का यह इंतजार बस कुछ ही घंटों का है। इस बीच मंडली की जान रहीं सुम्बुल तौकीर खान ने एक इंटरव्यू में बिग बॉस के बाद खुद में आए बदलाव पर बात की। सुम्बुल तौकीर खान, बिग बॉस की स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट मानी जाती थीं। शिव ठाकरे, एमसी स्टैन और अब्दु रोजिक के साथ ही सुम्बुल की भी अच्छी फैन फॉलोइंग रही। उन्होंने इस शो में लंबा सफर तय किया। हालांकि, वह फिनाले के करीब पहुंचने के बाद भी बेघर हो गईं। सुम्बुल सेकेंड लास्ट कंटेस्टेंट रहीं, जिन्हें शो से बाहर कर दिया गया। लेकिन यहां से जाते-जाते उनमें कई बेहतरीन बदलाव देखने को मिले। यह हम नहीं, खुद सुम्बुल ने अपने बारे में कहा है। हिंदुस्तान टाइम्स में छपी खबर में सुम्बुल ने बताया कि बिग बॉस में चार महीने तक रहने से कैसे उनकी जिंदगी बदल गई। उन्होंने यह महसूस किया कि उनकी फीलिंग्स उनकी कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी स्ट्रेंथ है। शो में उन्होंने काफी लंबा सफर तय किया और अच्छे और बुरे दोनों दिन देखे। कितनी चीजें वहां सीखने को मिलीं।

# यश और ऋषभ शेट्टी से मिले पीएम मोदी, श्रद्धा को देख बोले- अईयो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बेंगलुरू के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का उद्घाटन ने पुनित राजकुमार को भी याद किया। पीएम ने कन्नड़ सुपरस्टार्स से मुलाकात कर सीनेमा और कल्चर पर स्टार्स के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही प्रधानमंत्री

करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बैंगलुरु के राज भवन में कन्नड़ सुपरस्टार्स यश और ऋषभ शेट्टी के अलावा सोशल मीडिया इन्फ्ल्यूएंसर्स से भी मुलाकात की। पीएम ने पुनित राजकुमार को किया याद पीएम से मिलने पुनित राजकुमार की पत्नी अश्विनी राजकुमार भी पहुंची। एएनआई के अनुसार, इस मौके पर पीएम ने सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने और फिल्मों में महिला पात्रों को प्राथमिकता देने के लिए दक्षिणी सिनेमा के प्रयासों की भी सराहना की।इस दौरान पीएम मोदी पॉपुलर सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर और यूट्यूबर श्रद्धा से भी मिले। श्रद्धा ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पीएम मोदी से मुलाकात की कुछ बातें भी शेयर कीं।

# श्वेता तिवारी से गौहर खान तक, अबतक इन सेलिब्रिटीज के सिर सजा बिग बॉस का ताज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीवी शो बिग बॉस को लेकर फैंस में खासा एक्साइटमेंट रहता है। 2006 से शुरू हुए इस शो में अब तक काफी बदलाव हुए हैं। इस शो के पहले होस्ट अरशद वारसी थे। जिसके बाद अब तक शो में कई बदलाव हो चुके हैं। 17 साल में इस शो में कई बदलाव हुए हैं। तो चलिए आज बिग बॉस के विनर्स पर एक नजर डालते हैं। राहुल रॉय 90 के दशक की पॉपुलर फिल्म आशिकी में अपने रोल के लिए जाने जाते हैं। बिग बॉस की पहली ट्रॉफी अपने नाम करने वाले सेलिब्रिटी राहुल रॉय़ ही थे। 2007 में इसकी पहली ट्रॉफी जीतने के बाद राहुल को ट्रॉफी के साथ 1 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली थी। टेलिविजन स्टार आशुतोष कौशिक बिग बॉस 2 के विनर रहे हैं। 2008 में उन्होंने बिग बॉस 2 की ट्रॉफी अपने नाम की थी। इसके साथ ही एक्टर को 1 करोड़ रुपए की प्राइज मनी भी मिली थी। फिल्म 'मैंने प्यार किया' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाले बिंदु दारा सिंह बिग बॉस 3 के विनर रहे हैं। उन्होंने प्रवेश राणा को हराकर 1 करोड़ की प्राइज मनी जीती थी। टीवी की दुनिया में अपना नाम बनाने वाली श्वेता तिवारी बिग बॉस 4 की विनर रही हैं। उन्होंने 2011 में ये ट्रॉफी अपने नाम की थी। प्राइज मनी में श्वेता को 1 करोड़ रुपए की राशि मिली थी। इसके बाद श्वेता ने कई रियलिटी शो में पार्टिसिपेट किया। टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली जुही परमार बिग बॉस 5 की विनर रही हैं। उन्होंने






2012 में ये ट्रॉफी जीती थी। जुही को टफ कॉम्पिटिशन देने वालों में सनी लियोन, पूजा बेदी और शक्ति कपूर शामिल थे। अन्य विनर्स की तरह जूही को भी 1 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली थी। उर्वशी ढोलकिया ने बिग बॉस 6 की ट्रॉफी अपने नाम की थी। लेकिन उर्वशी को अन्य विनर्स की तरह प्राइज मनी नहीं मिली। दरअसल बिग बॉस 6 में प्राइज मनी आधी कर दी गई थी। ऐसे में उर्वशी को 50 लाख प्राइज मनी ही मिली। बिग बॉस 7 की ट्रॉफी अपने नाम करने वाली 7वीं कंटेस्टेंट गौहर खान थीं। उन्होंने बिग बॉस 7 जीतकर 50 लाख रुपए की प्राइज मनी अपने नाम की थी। गौतम गुलाटी ने बिग बॉस 8 में डायंड्रा सोरेन के साथ अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। गौतम शो के विनर भी रहे और ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए उन्होंने अपने नाम किए थे। प्रिंस नरूला बिग बॉस 9 में युविका चौधरी के साथ रिलेशनशिप को लेकर प्रिंस नरूला ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होंने युविका को शो के दौरान प्रपोज किया था। शो में प्रिंस नरूला विनर रहे और 50 लाख की प्राइज मनी अपने नाम की। शो के बाद ये कपल शादी के बंधन में बंध गया था। मनवीर गुर्जर मनवीर गुर्जर ऐसे पहले सेलिब्रिटी थे जिन्होंने बिग बॉस जीता था। मनवीर ने बानी जे को हराकर ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए की प्राइज मनी अपने नाम की थी। शिल्पा शिंदे बिग बॉस 11 में फिर शो के मेकर्स ने इसमें अलग ट्विस्ट दिया। जिसके बाद बिग बॉस 11 जीतने वाली शिल्पा शिंदे को 44 लाख रुपए की प्राइज मनी दी गई। इस सीजन में रनरअप रहे विकास गुप्ता को विकास सिटी टॉस्क जीतने के लिए 6 लाख रुपए दिए गए थे।बिग बॉस 12 की ट्रॉफी अपने नाम करने वाली टेलीविजन स्टार दीपिका कक्कड़ के समय में भी प्राइज मनी को मनी बैग के रूप में बांट दिया गया। यानी जो कंटेस्टेंट पैसे लेकर शो छोड़ना चाहता है वो शो छोड़ सकता है और ये अमाउंट शो के विनर की प्राइज मनी में से दिया जा रहा था। दीपिका को प्राइज मनी में नुकसान तब और झेलना पड़ा जब उनके को-कंटेस्टेंट सिंगर दीपक ठाकुर ने 20 लाख का मनी बैग चुनने का फैसला किया। इसके बाद दीपिका को 30 लाख की प्राइज मनी मिली थी। बिग बॉस के सबसे पॉपुलर सीजन्स में से एक बिग बॉस 16 रहा है। यहां सिद्धार्थ और शहनाज गिल ने अपनी परफॉर्मेंस से सभी का ध्यान खींचा था। शो में सिद्धार्थ विनर रहे और ट्रॉफी के साथ उन्हें 40 लाख रुपए की प्राइज मनी मिली। दरअसल बिग बॉस कंटेस्टेंट पारस छाबड़ा ने प्राइज मनी लेकर घर से बाहर जाने का फैसला लिया था जिसके बाद प्राइज मनी में से पारस को 10 लाख रुपए दे दिए गए। रुबीना दिलैक टीवी स्टार रुबीना दिलैक ने बिग बॉस 14 जीतकर 36 लाख रुपए की प्राइज मनी अपने नाम की थी। दरअसल शो की प्राइज मनी 50 लाख रुपए थी लेकिन राखी सावंत 14 लाख रुपए का मनी बैग लेकर ने शो से वॉकआउट करने का फैसला किया था। जिसके बाद रुबीना को ये नुकसान झेलना पड़ा। तेजस्वी प्रकाश नागिन 6 फैम तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 की ट्रॉफी अपने नाम की थी। तेजस्वी को बिग बॉस की ट्रॉफी के साथ 40 लाख रुपए की प्राइज मनी मिली थी। इस सीजन में तेजस्वी और करण कुंद्रा की जोड़ी भी काफी हिट रही। कपल ने फैंस के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना ली। फिलहाल दोनों अब भी साथ हैं और कपल्स गोल्स शेयर करते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।